श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 219, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 05 सितंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### ईडी से नहीं डरता, 55 घंटे या पांच साल भी कर लो पूछताछः राहुल

## हल्लाबोल रैली में गरजे राहुल





**नई दिल्लीः** महंगाई के खिलाफ कांग्रेस की हल्ला बोल रैली में राहुल गांधी ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला। किसान, बेरोजगारी, महंगाई से लेकर कई मुद्दों पर उन्होंने मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने बार-बार सीधे तौर पर नाम न लेते हुए दो उद्योगपतियों के सहारे भी पीएम मोदी को घेरने की कोशिश की।

राहुल गांधी ने ईडी की कार्रवाई पर भी मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुझसे 55 घंटे पूछताछ हुई। 55 घंटे क्या, 500 घंटे, पांच साल भी पूछताछ कर लो, मुझे फर्क नहीं पड़ता। आइए, जानते हैं हल्ला बोल रैली में क्या-क्या बोले राहुल गांधी...

**जो डरता है वो नफरत पैदा करता हैः** राहुल गांधी ने कहा, नफरत डर से पैदा होती है। जो डरता है वह नफरत पैदा करता है। भाजपा और आरएसएस के नेता देश को बांटते हैं और जानबूझकर देश में नफरत और भय पैदा करते हैं। उन्होंने कहा, यह नफरत ही हिंदुस्तान को कमजोर कर रही है। उन्होंने सवाल किया महंगाई, बेरोजगारी, नफरत से मजबूत होता है क्या? नरेंद्र मोदी और भाजपा देश को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। हम नफरत मिटाते हैं और जब डर कम होता है तो हिंदुस्तान तेजी से आगे बढ़ता है। हमने यह करके दिखाया है।

**24 घंटे दो उद्योगपतियों के लिए काम करते हैं मोदीः** राहुल गांधी ने कहा देश का पूरा का पूरा धन दो उद्योगपतियों के हाथ में है। ये दो उद्योगपति 24 घंटे नरेंद्र मोदी के लिए काम करते हैं। नरेंद्र मोदी भी इन दोनों उद्योगपतियों के लिए 24 घंटे काम करते हैं। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, लेकिन उन दो उद्योगपतियों के बिना नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रह सकते।

### महंगाई पर भी केंद्र पर किया करारा हमला

**राहुल** गांधी ने कहा, यूपीए सरकार ने 27 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा था, लेकिन मोदी सरकार ने आठ सालों में 23 करोड़ लोगों को गरीबी में झोंक दिया है। आटा, दाल, पेट्रोल, तेल से लेकर हर वस्तु की कीमत आसमान छू रही है। हिंदुस्तान में आम नागरिक मुश्किल में हैं, देश का नुकसान हो रहा है। 70 साल में कांग्रेस ने ऐसी महंगाई कभी नहीं दिखाई। सिर्फ कांग्रेस ही देश को बचा सकती है।

संसद में बंद कर दिया जाता है माइक

राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर संसद में विपक्ष की आवाज को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पूरे देश पर अब दो उद्योगपतियों का कंट्रोल रह गया है। मीडिया पर इन दो उद्योगपतियों का कंट्रोल है। हम चीन पर, बेरोजगारी पर, महंगाई पर बात करना चाहते हैं, लेकिन नहीं कर सकते हैं। हमारा माइक बंद कर दिया जाता है।

भारत जोड़ो यात्रा का जिक्रः हल्ला बोल रैली में राहुल गांधी ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो यात्रा शुरू कर रही है क्योंकि, हमारे सभी रास्ते बंद कर दिए गए हैं। यह विचारधारा की लड़ाई है और कांग्रेस पार्टी की विधारधारा और सभी विपक्ष की पार्टियां मिलकर भाजपा को हराएंगी। उन्होंने कहा, अगर आज हम नहीं खड़े हुए तो देश नहीं बचेगा। क्योंकि ये देश संविधान है। ये देश इस देश की जनता की आवाज है। यह देश इस देश की जनता का भविष्य है। यह देश दो उद्योगपतियों का नहीं है।

राहुल की फिसली जुबान

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जुबान एक बार फिर से फिसली। महंगाई के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा, यूपीए सरकार में आटा 22 रुपये लीटर था। अब 40 रुपये लीटर है।

## विपक्षी दल एक होंगे तो भाजपा को परास्त कर सकते हैंः नीतीश



**पटनाः जनता** दल यूनाइटेड (जदयू) की तीन दिवसीय बैठक रविवार दोपहर चार बजे संपन्न हो गई। तीन दिनों तक चली इस बैठक में मुख्य रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई। इस दौरान कई राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित हुए। आज हुई राष्ट्रीय परिषद की बैठक में कई अहम मुद्दों पर मंथन हुआ। बैठक में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सभी पार्टियां अगर एकजुट होकर लड़ें तो परिणाम अच्छा आयेगा। उन्होंने कहा कि मैं संख्या बल की बात नहीं कर रहा हूं लेकिन सब साथ हो तो तो भारी सफलता मिल सकती है। नीतीश आज उस बयान से पलट गए जिसमें उन्होंने भाजपा को 50 सीटों पर समेटने का दावा किया था। उन्होंने कहा कि वे सीटों की बात नहीं करते हैं लेकिन जब सभी विपक्षी दल एक होंगे तो भाजपा को परास्त कर सकते हैं।

## साइरस मिस्त्री का सड़क हादसे में निधन



**नई दिल्ली/मुंबईः** टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री का सड़क हादसे में निधन हो गया है। मुंबई से सटे पालघर में रविवार को उनकी मर्सिडीज कार रोड के डिवाइडर से टकरा गई। साइरस मिस्त्री और चार अन्य लोग पालघर की ओर जा रहे थे। साइरस मिस्त्री भारतीय मूल के सबसे सफल और ताकतवर कारोबारियों में से एक पलोनजी शापूरजी मिस्त्री के बेटे थे। साइरस मिस्त्री का जन्म आयरलैंड में हुआ था। साइरस मिस्त्री और चार अन्य लोग मुंबई के पालघर की ओर जा रहे थे, तभी उनकी कार हादसे की शिकार हो गई, जिसमें मिस्त्री का निधन हो गया। उनकी कंपनी के निदेशक ने उनकी मौत की पुष्टि की है। देश के औद्योगिक घराना शापूरजी पलोनजी परिवार से संबंध रखने वाले साइरस मिस्त्री को आपसी विवाद के बाद अक्टूबर 2016 में टाटा समूह के चेयरमैन पद और बाद में निदेशक मंडल से भी हटा दिया गया था।

## '50 सीटों पर समटने का सपना देख रहे नीतीश'

**पटनाः भाजपा** नेता और कटिहार से विधायक तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को 2024 के आगामी लोकसभा आम चुनाव में 50 पर समेटने का दिवास्वप्न देखने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 2014 के हश्र को भी याद करना चाहिए। जब जदयू दो सीटों पर सिमट गई थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ही प्रभाव था कि जदयू 2 से 16 सीट पर आ गयी। तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि वस्तुतः मुख्यमंत्री व्यक्तिगत स्वार्थ और महत्वाकांक्षा के समुद्र में गोते लगा रहे हैं ।

## ब्रिटिश काल की जेलों का भी हुआ आधुनिकीकरणः शाह




**अहमदाबादः** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद वर्षों पुराने कई मॉडल बदल दिए गए हैं। ब्रिटिश काल की जेलों को भी नए मॉडल से बदल दिया गया है। जेलों का आधुनिकीकरण करने के साथ-साथ उनमें योग, ध्यान, पुस्तकालय, सुंदर परिवेश और बुनियादी अस्पताल सुविधाओं के साथ जेलों में उपयुक्त वातावरण सृजित करने पर अधिक बल दिया गया है। केंद्रीय मंत्री शाह रविवार को सुबह चार स्मार्ट स्कूलों का शुभारंभ करने के बाद छठी 'ऑल इंडिया प्रिजन ड्यूटी मीट' का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। पहले सत्र में गुजरात पुलिस जेल विभाग और पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद वर्षों पुराने कई मॉडल बदल दिए गए हैं। ब्रिटिश काल की जेलों को भी नए मॉडल से बदल दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देश में जेलों को नकारात्मक माना जाता है, जबकि यहां पर क्विज, स्वच्छता, जेल, वॉलीबॉल, कंप्यूटर, कबड्डी, दौड़ और उच्च कुल सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि जेलों का आधुनिकीकरण करने के साथ-साथ योग, ध्यान, पुस्तकालय, सुंदर परिवेश और बुनियादी अस्पताल सुविधाओं के साथ उपयुक्त वातावरण सृजित करने पर अधिक बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी राज्य जल्द से जल्द नए सुधार मॉडल को अपनाएं जाए। नए जेल मॉडल में फांसी के सजायाफ्ता कैदियों के अधिकार के बारे में भी जानकारी दी गई है।

## हमने खून पसीने से बनाई कांग्रेसः आजाद

**जम्मूः** पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने अपने नए राजनीतिक करिअर की जम्मू से शुरूआत कर दी है। उन्होंने रविवार को सैनिक फार्म में जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में लोगों की भीड़ जुटाकर क्षेत्रीय और राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को अपनी मजबूती का संदेश देने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि वह किसी के लिए बुरा नहीं कहेंगे। नई पार्टी के नाम पर अभी फैसला नहीं लिया है। जम्मू-कश्मीर के लोग नाम और निशान तय करेंगे। मैं अपनी पार्टी को हिंदुस्तानी नाम दूंगा। पार्टी के मुख्य मुद्दे होंगे- पूर्ण राज्य का दर्जा, भूमि का अधिका और मूल निवासी को रोजगार की बहाली। जम्मू में आजाद ने कहा कि मेरे दिल की धड़कनों में जम्मू कश्मीर की पूरी जनता बसती है। 53 साल कांग्रेस की सेवा करने के दौरान कई ओहदें पर रहा। इसमें मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री तक शामिल हैं। अब मैं कुछ नहीं हूं सिर्फ इंसान हूं। सभी को पता है कि मेरा मजहब इस्लाम है। मेरे कांग्रेस छोड़ने के बाद बड़ी संख्या में प्रदेश के लोगों ने पार्टी से इस्तीफे दिए और सहयोग दिया। आप सभी लोगों के संदेश पढ़ने में मुझे एक साल लगेगा। इसके लिए सभी का आभार जताता हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पांच विधायक भी उनके साथ इसी मंच पर हैं।



**कांग्रेस हमने खून पसीने से बनाईः** कांग्रेस के लोग अब सिर्फ बसों में जेल जाते हैं, वे डीजीपी, कमिश्नरों को बुलाते हैं, अपना नाम लिखवाते हैं और एक घंटे के भीतर चले जाते हैं। यही कारण है कि कांग्रेस विकसित नहीं हो पाई है। कांग्रेस हमने खून पसीने से बनाई है। यह कंप्यूटर-ट्वीट और मैसेज से नहीं बनी है। कांग्रेस नई पार्टी के एलान से बौखला गई है। उन्होंने कहा कि मैं किसी का बुरा नहीं चाहूंगा, मेरे लिए सभी बराबर हैं। आजाद ने कहा कि कांग्रेस हमने अपने खून-पसीने से बनाई है। जो हमें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं उनकी पहुंच केवल ट्वीट, एसएमएस और कम्प्यूटर तक है। वो डिबेट में खुश रहें, उन्हें वही नसीब हो। हम बुजुर्गों, किसानों के साथ ठीक हैं। उन्हें उनकी शहंशाही मुबारक। तंज कसते हुए आजाद ने कहा कि अल्लाह हमें जमीन नसीब करें और उन्हें ट्वीट नसीब करें।

**किसी भी समुदाय के साथ भेदभाव नहीं कियाः** आजाद ने कहा कि उन्होंने पद में रहने के दौरान किसी भी समुदाय के साथ भेदभाव नहीं किया। अमरनाथ यात्रा जाने वालों के लिए भगवती नगर में चार मंजिला भवन तैयार करवाया। जो रिकॉर्ड तीन महीने में तैयार हुआ। हज यात्रा हाउस में सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाईं। देश भर में छह एम्स तैयार करवाए, जो दूसरी हुकूमत नहीं कर पाई। प्रदेश में गोल्फ कोर्स तैयार करवाया।

## 'उद्यमियों की हर समस्या का होगा समाधान'


**बिजनौरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनिर्मित महात्मा विदुर सभागार में बिजनौर के उद्यमियों/व्यापारियों से मुलाकात कर वार्तालाप की। उद्यमियों ने नगीना कताई मिल के स्थान पर बडे. उद्योगिक आस्थान स्थापित करने का अनुरोध किया जिस पर मुख्यमंत्री ने इस बारे में आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने कहां कि व्यापारियों व उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जायेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार जैविक खेती करने पर पूरा सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री ने शिक्षा को बढ़ावा देने की बात भी कही ताकि आज के युवाओं को बेहतर शिक्षा व माहौल मिल सकें, इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं। कहा कि युवा रोजगार पाने के साथ रोजगार देने वाले भी बन रहे हैं। इस मौके पर जनपद के प्रमुख उद्योग गुड़, खाण्डसारी, चीनी पर भी चर्चा की गई।



मुख्यमंत्री ने सभी विषयों पर विचार कर उन्हें पूरा करने का आश्वासन व्यापारियों को दिया। वही काष्ठकला को ओडीओपी के साथ जोड़ने पर उद्यमियों की सराहना की।

नगीना के उद्यमियों ने जनपद में तीन सीएफसी स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार, उद्यमियों में विपुल रस्तौगी, मौ० सुहेब, नवनीत जैन, जुलफ्कार आलम, अमित गोयल, हरिश मित्तल इरशाद अली मुलतानी आदि मौजूद रहें।

## विजय माल्या की मुश्किलें बढ़ी



**नई दिल्लीः सुप्रीम** कोर्ट सोमवार यानी कल अवमानना के मामले में भगोड़ा व्यवसायी विजय माल्या के खिलाफ सजा का एलान कर सकता है। बता दें कि माल्या किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़े 9,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण चूक मामले में एक अवमानना मामले में दोषी पाया गया है।

**मार्च में शीर्ष अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया थाः** उस समय न्यायाधीश रहे यूयू ललित और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट की पीठ ने 10 मार्च 2022 को माल्या के खिलाफ अवमानना मामले में सजा पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था और कहा था कि उनके खिलाफ कार्यवाही गतिरोध पर है। शीर्ष अदालत ने अवमानना कानून और सजा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर वरिष्ठ अधिवक्ता और न्याय मित्र जयदीप गुप्ता को सुना था और माल्या के वकील अंकुर सहगल को सजा के पहलू पर अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने का एक आखिरी मौका दिया था। पीठ ने अपने आदेश में कहा था।

## सीएम योगी ने किया मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

**बिजनौरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को निर्माणाधीन महात्मा विदुर राजकीय मेडिकल कॉलेज स्वाहेड़ी का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अगले सत्र से वहां कक्षाएं प्रारम्भ करने की बात कही। उन्होंने महात्मा विदुर की प्रतिमा लगाने की व्यवस्था करने के लिये कहा। कहा कि जो भी निर्माण कार्य किये जा रहे है वह गुणवत्ता व समयबद्वता के साथ पूर्ण हों। उन्होंने कॉलेज का ले-आउट प्लान, साइट प्लान व डिजाइन को भी देखा। उन्होंने मेडिकल कॉलेज आगमन पर सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज की बिजनौर से दूरी की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि निर्माणाधीन कार्य का थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन (निरीक्षण) कराया गया है। जिस पर अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0 द्वारा अवगत कराया गया कि आईआईटी रूड़की द्वारा इन्सपेक्शन किया गया है। मुख्यमंत्री योगी ने एनएमसी के निरीक्षण की भी जानकारी ली। जिस पर सीएमएस द्वारा अवगत कराया गया कि दो बार इन्सपेक्शन हुआ है, अगला इन्सपेक्शन जनवरी में होगा। मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हास्टल, ब्वॉयस हास्टल आदि कक्षों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि यहां आकर अच्छा लगा। अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0 चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज 20.71 एकड़ में बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसकी लागत 281.52 करोड़ रुपये है। बताया कि जिला अस्पताल बिजनौर में 17.52 एकड में 200 बेड का अस्पताल बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 48 बेड की धर्मशाला भी बनायी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में पूर्व से ही 300 बेड का अस्पताल संचालित हैं। नया अस्पताल बन जाने से वह 500 बेड का हो जायेगा।



## वायु सेना को मिले स्पेशल फोर्सेज के गरुड़ कमांडोज

**नई दिल्लीः** आतंकियों के खिलाफ चलाये जा रहे हर ऑपरेशन में बखूबी अपनी जिम्मेदारियां निभाने वाले वायु सेना के गरुड़ कमांडोज को देश की शान कहा जाता है। वायु सेना के स्पेशल फोर्सेज के और गरुड़ कमांडोज तैयार किए गए हैं, जिन्होंने हाल ही में अपना प्रशिक्षण पूरा किया है। इन गरुड़ कमांडोज की गरुड़ रेजिमेंटल प्रशिक्षण केंद्र में मरून बेरेट सेरेमोनियल परेड हुई, जिसमें कमांडोज ने हैरतअंगेज कौशल का प्रदर्शन किया। वायु सेना विशेष बल 'गरुड़' कमांडो के प्रशिक्षण के सफल समापन के अवसर पर एयर फोर्स स्टेशन चांदीनगर के गरुड़ रेजिमेंटल प्रशिक्षण केन्द्र (जीआरटीसी) में मरून बेरेट औपचारिक परेड हुई। वायु सेना मुख्यालय के सहायक प्रमुख एयर स्टाफ ऑपरेशंस (अफेन्सिव) एयर वाइस मार्शल राकेश सिन्हा ने मुख्य अतिथि के तौर पर परेड की समीक्षा की। गरुड़ रेजिमेंटल प्रशिक्षण केन्द्र के कमांडेंट विंग कमांडर त्रिलोक शर्मा ने मुख्य अतिथि की अगवानी की।



## खबर संक्षेप

### कुशमीपुर में बमबाजी से दहशत

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के कुशमीपुर में एक घर पर कुछ युवकों ने बमबाजी कर दहशत फैलादी। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी पहुंची पुलिस ने मौके से एक बम भी बरामद किया पर अभी तक बमबाजी करने वाले के खिलाफ मामला नही दर्ज किया। बताया जाता है कि कुशमीपुर गांव के ही दो युवक सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को लेकर आपस में भिड़ गए सोशल मीडिया से शुरू हुआ विवाद दोनों के घर तक पहुच गया। एक युवक शनिवार की शाम दूसरे युवक के घर पर चढ़ कर दो बम फेका एक बम फटा तो आसपास मौजूद लोगो में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर मिले जिन्दा बम को पानी में डाल निष्क्रिय किया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत की पर समाचार लिखे जाने तकतक रिपोर्ट दर्ज नही की गई थी।

### पूर्व प्रधान के निधन पर श्रद्धांजलि

**सहसों।** विगहिया गांव में रविवार को ओम प्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता में एक सोकसभा की गई। जिसमें मनेथू गांव के पूर्व प्रधान शिवाकांत शुक्ला उर्फ बालेश्वर शुक्ल का हृदय गति रुक जान से असामयिक निधन हो गई। जिस पर उपस्थित लोगों ने पूर्व प्रधान को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अशोक चौधरी, लक्ष्मी कांत मिश्र, शत्रुघन मिश्र, राम अभिलाष भारतीय, जय कृष्ण पांडे वीरू, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, चिंतामणि शुक्ला, नागेंद्र उपाध्याय, कमल यादव, सुभाष चंद्र विश्वकर्मा, धनंजय मिश्रा आदि रहे।

# कचौड़ी खाने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**अखंड भारत संदेश**

**जिस जगह खड़ी रहती थी पुलिस की गाड़ी वहां लगता है कचौड़ी का ठेला**

**अराजकता का केंद्र बना रोडवेज का गेट नंबर 01, नाश्ता चाय पानी को लेकर होता है अक्सर गहमागहमी**

**स्मार्ट सिटी में रोड के बगल धोई जाती है जूठी थाली, बिखरे रहते हैं चाय के गिलास**

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस बस स्टैंड गेट एक पर आए दिन किसी न किसी बात को लेकर मारपीट गहमागहमी होती रहती है इसी का जीता जागता नतीजा आज यानी रविवार सुबह कचौड़ी खिला रहे व्यापारी से पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट शुरू हो गई देखते ही देखते मारपीट इस कदर बढ़ गई कि एक दूसरे पर जान लेने के लिए आमादा हो बैठे। बताते चलें कि सिविल लाइन बस अड्डा प्रयागराज का वह केंद्र है जहां पर आसपास के जिलों से ब से आकर रूकती है। तथा एक बस छोड़कर दूसरे बसों से लोग यात्रा करते हैं। मगर बस स्टैंड का गेट 1 ऐसा अराजकता का मिसाल बनता जा रहा है। की रविवार को खाने को लेकर दुकानदारो व छात्रों के बीच जमकर बवाल हुआ। दोनों तरफ से जमकर लाठी डंडा चला। इस दौरान किसी ने भीड़ में गरम खौलता हुआ तेल फेंक दिया जिससे अफरातफरी मच गई वहां जो भी मौजूद रहा सभी के होश उड़ गए। चारों तरफ भगदड़ मच गई बताया जा रहा है कि सुल्तानपुर से छात्र दाधिकांडो मेला देखने आए थे खाना खाने को लेकर रुपए के लेनदेन में विवाद शुरू हुआ सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने उठा ले गई।

जानकारी के अनुसार सुलतानपुर के रहने वाले दो छात्र दिनेश जयसवाल व इन्द्र जीत पाल प्रयागराज में तेलियरगंज का दाधिकांदो मेला देखने पहुंचे थे। रविवार की दोपहर वह सिविल लाइंस बस अड्डा पहुंचे पास में ही लगे ठेले पर भोजन के दुकान पर खाना खाए दुकानदार ने 20 रुपए कहकर छात्रों से 30 रुपए मांगने लगा इस बात को लेकर कहासुनी होने लगी देखते ही देखते बात बढ़ गई दोनों ओर से बवाल शुरू हो गया फिर क्या कहना था आसपास के दुकानदार भी एकजुट हो गए छात्रों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटने लगे देखते ही देखते लोगों की भारी-भरकम भीड़ लग गई अफरा तफरी का माहौल हो गया तभी किसी ने खौलता हुआ तेल छात्रों पर फेक दिया। मामला गंभीर हो गया चारों तरफ चीख-पुकार मचने लगी लाठी-डंडे चलने लगे तभी किसी ने सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने बिल्डरों तथा छात्रों को थाने ले गई हालांकि



स्पेक्टर सिविल लाइंस का कहना है कि 151 में दोनों पक्षों के लोगों का चालान किया गया है लेकिन अगर पुलिस प्रशासन नहीं चेती तो सिविल लाइंस के बस अड्डे पर कभी भी खूनी खेल हो सकता है वर्तमान समय में अराजक तत्वों का जमावड़ा वहां आए दिन लगा रहता है यह गाली गलौज मारपीट की घटनाएं सिविल लाइंस बस अड्डे पर आम बात हो गई है।

### अवैध खड़ी वाहनों की वजह से होती है परेशानियां

दरअसल सिविल लाइंस रोडवेज बस अड्डा पर अनाधिकृत अवैध वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे वहां हर वक्त जाम की स्थिति बनी रहती है अवैध वाहनों की खड़ी होने की वजह से भी अराजक तत्वों का जमावड़ा वहां अक्सर लगा रहता है गाली गलौज तो आम बात है अगर पुलिस प्रशासन ने नहीं चेता तो कभी भी किसी भी समय सिविल लाइंस रोडवेज बस अड्डे पर बड़ी घटना हो सकती है। इस मामले में चाहे रोडवेज के अधिकारी हो चाहे पुलिस अधिकारी हो इस तरह के सवाल करने पर कन्नी काटते नजर आते हैं।

# राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम पंहुची चंदोपारा, उभयपक्षो में हुआ समझौता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उतरांव थानांतर्गत चन्दोपारा गांव में दलित उत्पीड़न प्रकरण में पहुँची संयुक्त जांच टीम ने उभ्यपक्षो में समझौता कराने में बड़ी सफलता मिली है। टीम के समक्ष उभयपक्ष के लोगो ने अपनी अपनी बात रखी फिर दोनों पक्षो ने जांच टीम के समक्ष समझौता कर लिया। गौरतलब है कि न्याय न मिलने से परेशान उतरांव थानांतर्गत चांदोपारा निवासी पीड़ित दलित महिला ऊषा देवी पत्नी भक्त वत्सल का परिवार 31 अगस्त को एडीजी जोन के कार्यालय पर आमरण अनशन करने पहुंचा था। अनशन से पूर्व एडीजी जोन प्रयागराज ने मामले की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए किसी भी पक्ष के साथ अन्याय न हो इसलिये दोनों पक्षो के शिकायती पत्रों को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मामले की जांच करेगी का आदेश पारित किया था। आदेश के अनुपालन में संयुक्त टीम थाना उतरांव के अंतर्गत आने



वाली ग्रामसभा चंदोपारा पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार रविवार 04 सितम्बर को संयुक्त टीम उतरांव थानांतर्गत चांदोपारा गांव जाकर शिकायती पत्रों के आधार पर जांचकर कार्यवाही की। उभयपक्षो में हुयी आपसी तू तू मैं मैं में एक पक्ष रामचन्द्र मौर्य दूसरे पक्ष के विरुद्ध थाना उतरांव में अन्तर्गत धारा 325, 324, 504, 506, 452 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया था तो दूसरे पक्ष ने प्रथम पक्ष के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के बाबत थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा एडीजी जोन प्रयागराज के यहां प्रार्थना पत्र दिया था किन्तु एडीजी जोन प्रयागराज द्वारा गठित संयुक्त टीम की उपस्थिति में एक पक्ष मुकदमा समाप्त करने का निर्णय लिया तो वही दूसरा पक्ष अपनी भूमिधरी आराजी नम्बर 625 में से आठ फीट पश्चिम की ओर छोड़कर भूमिधरी भूमि को जोतने बोने में कोई आपत्ति न करने का समझौता उभय पक्ष के मध्य हो गया।

# गंगा में कूदे अधिवक्ता का शव एसडीआरएफ ने किया बरामद



**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** तीन दिन पहले शास्त्री ब्रिज से गंगा में कूदे अधिवक्ता मदन राय का शव रविवार को एसडीआरएफ ने गंगा नदी से निकाल कर झूंसी पुलिस को सौंप दिया। अधिवक्ता का शव मिलने की सूचना परिजनों को दी गई तो परिजनों के साथ दर्जनों साथी अधिवक्ता भी मौके पर पहुंच गए। धूमनगंज राजरूपपुर के रहने वाले हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्त मदन कुमार राय शुक्रवार की रात अपनी कार शास्त्री पुल पर कड़ी कर गंगा में छलांग लगा दी। सूचना पर एनडीआरएफ के साथ गोताखोरों ने कड़ी मसक्कत की पर अधिवक्ता का शव नही मिला। तीन दिनों ने एसडीआरएफ सर्च कर रही थी। रविवार की सुबह अधिवक्ता मदन राय का शव शास्त्री ब्रिज के पास बरामद हुआ। इस दौरान मदन के बेटे बहु के साथ हाईकोर्ट के पूर्व महासचिव अशोक सिंह दर्जनों साथियो के साथ मौके पर पहुच परिजनों को सांत्वना दी। चौकी इंचार्ज नवीन सिंह ने बताया कि कोरोना में अधिवक्ता मदन की पत्नी का निधन हो गया था तब से वह डिप्रेशन में रहते थे।

### अधेड़ ने शास्त्री पुल से गंगा में लगाई छलांग

**झूंसी।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग गंगा नदी पर बने शास्त्री पुल से रविवार की दोपहर एक अधेड़ ने छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोगो ने शोर मचाया तो घाट पर मौजूद नाविक गंगा में कूदे अधेड़ को बाहर निकाला जिसे एंबुलेंस से एसआरएन ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास से मिले बोटर आईडी कार्ड से उसकी पहचान जार्जटाउन विकास यादव 50 के रूप में हुई। एम्बुलेंश के ईएमटी सन्तोष भारतीया ने मामले की जानकारी जार्जटाउन इंस्पेक्टर को दी। जिसके बाद मृतक विकास की पत्नी व बेटी बिलखती एसआरएन पहुची। विकास मानसिक रूप से विछिप्त बताया जा रहा है।

# प्राचीन शिवलिंग को तोड़ खोद डाला गड्ढ़ा

**शिवलिंग के नीचे प्राचीन मुद्राएं होने की आशंका पर उच्चकों ने की वारदात**

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** क्षेत्र के मनकवार गांव के पहाड़ी पर स्थित प्राचीन शिवलिंग को अराजकतत्वों ने शनिवार की रात तोड़ उसके नीचे गहरा गड्ढा बना दिया। सुबह ग्रामीणों ने घटना को देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची घूरपुर पुलिस ने गड्ढे को पाट फिर से खंडित शिवलिंग को उसी स्थान पर विराजित कर दिया। ग्रामीण व पुलिस का मानना है कि शिवलिंग के नीचे प्राचीन मुद्राएं व धन होने की आशंका से अराजकतत्वों ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस इस घटना में जुड़े लोगों को चिन्हित करने में लगी हुई है। घूरपुर के भीटा,देवरिया व मनकवार गांव के परीक्षेत्र के पहाड़ी पर तमाम पौराणिक दिव्य मूर्तियां खंडित व शुध्द रूप से पड़ी है। जिससे सीता रसोइया ,सीता माता की प्रतिमा,सिंगारा देवी सहित सुजावन देव की प्रतिमाएं हैं। उसी क्रम में मनकवार गांव की पहाड़ी पर सीता रसोइया के समीप प्राचीन शिवलिंग की दिव्य मूर्ति सदियों से पड़ी है। जिसकी पूजा ग्रामीण करते चले आ रहे है। शनिवार की रात इसी प्राचीन शिवलिंग को खंडित करते हुए बदमाशों ने शिवलिंग के नीचे धन होने की आशंका से गड्ढा खोद डाला और शिवलिंग और जलहली को खंडित करके तीतर बितर कर दिया। रविवार की सुबह जब आस पास के ग्रामीण पूजा अर्चना के लिए पहुंचे तो खंडित शिवलिंग व उसके नीचे गड्ढा देख दंग रह गए। धीरे धीरे उक्त घटना की



टूटी शिवलिंग खोदा गया गढ्ढा


सूचना आस पास के गांवो तक पहुंची तो हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी वीरेंद्र कुशवाहा मौके पर पहुंचे और खंडित शिवलिंग की मूर्ति को पुनः उसी स्थान पर गड्ढा पटाते हुए स्थापित कर दिया। पुलिस ने कहा शिवलिंग के नीचे धन होने की आशंका पर अराजकतत्वों ने घटना घटित की पुलिस जांच कर रही है। दुस्साहस करने वालो को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## आम के पेड़ में अधेड़ ने लगाई फांसी, मौत

घूरपुर। घूरपुर थाना क्षेत्र के चम्पतपुर गांव में एक अधेड़ ने आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधेड़ घर से रविवार सुबह ही खेत देखने के लिए निकला था। शाम तक घर ना पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो खेत के पास आम के पेड़ में फांसी पर लटका हुआ शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घूरपूर के चम्पतपुर गांव निवासी इंद्रभान सिंह 47 गांव में ही रहकर खेती किसानी किया करता था। रविवार की सुबह इंद्रभान सिंह घर वालो को खेत जाने की बात कहते हुए निकला था। शाम तक जब इंद्रभान घर नही पहुंचा तो परिजन परेशान होकर उसकी खोजबीन करने लगे। खेत के पास पहुंचे तो एक आम के पेड़ में इंद्रभान सिंह फांसी पर लटकता मिला। घटना की सूचना घूरपुर पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# एसटीएफ ने नकली नोटों के साथ एक तस्कर को दबोचा

**प्रयागराज।** स्पेशल टास्क फोर्स की प्रयागराज इकाई ने नकली नोटों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी शाहगंज थाना क्षेत्र के लीडर रोड, कूड़ाखाना के पास से की गई। तस्कर केपास से 500 रुपये के कुल 100 नकली नोट बरामद हुए हैं। इसके अलावा एक आधारकार्ड, एक फोन, दो ट्रेन टिकट (छिवकी से हावड़ा और हावड़ा से न्यू फरक्का) बरामद हुए हैं। एसटीएफ के हत्थे चढ़ा नकली नोटों का तस्कर गुड्डू भारतीया उर्फ संजय पुत्र भुवर भारतीया यमुनापार के कुखुड़ी, थाना कौंधियारा का रहने वाला है। एसटीएफ फील्ड इकाई प्रयागराज के उपनिरीक्षक




वेदप्रकाश पांडेय ने बताया कि उन्होंने मुखबिर की सूचना पर अपनी टीम के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर गुड्डू भारतीया को दबोच लिया। पूछताछ में गुड्डू भारतीया ने बताया कि वह धारा 307 के प्रकरण में जेल जा चुका है। मुकदमे के सिलसिले में आवाजाही के दौरान उसकी मुलाकात दीपक मंडल से हुई। दीपक मंडल ने ही जाली नोटों की तस्करी की जानकारी दी थी। उसके कहने पर ही 24 जून को ट्रेन से न्यू फरक्का गया था। वहां दीपक मंडल ने 50 हजार रुपये के नकली नोट दे थे। इसके एवज में 25 हजार के असली नोट लिए थे। उक्त नोटों को यहां लाकर उसने बाजार में चला दिया था। नकली नोट खत्म होने के बाद फिर से नकली नोट लाने के लिए गया था और वहां से 25 हजार असली नोट के बदले में 50 हजार रुपये के नकली नोट लिए थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में आरक्षी अजय सिंह, रोहित सिंह, पुनीत कुमार पांडेय, अजय कुमार आदि शामिल रहे।

## न्यूज झरोखा

### गंगा में नॉन वेज पार्टी करने वाले दो वांछित पुलिस गिरफ्त

**प्रयागराज।** पवित्र गंगा नदी में नाव पर हुक्का बार नॉन वेज पार्टी करने वाले दो वांछित अभियुक्त थाना दारागंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए बुधवार को पवित्र गंगा नदी में नाव पर मास व हुक्का का सेवन कर रहे कुछ लोगों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था उस घटना के संबंध में थाना दारागंज में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल व्यक्तियों की पहचान कर गिरफ्तारी करने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा था वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के निर्देश में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर पंचायत के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दारागंज वीरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में उप निरीक्षक पवन कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा शनिवार को मुखबिर की सूचना पर उपयूंक्त अभियोग में वाछित दो अभियुफो हस्सान अहमद पुत्र शुजातअली निवासी बक्सी खुद थाना दारागंज जनपद प्रयागराज मो० आसिफ पुत्र अख्तर हुसैन निवासी बक्शी खुद थाना दारागंज प्रयागराज को गंगा मूर्ति तिराहा के पास थाना क्षेत्र दारागंज से गिरफ्तार किया गया नियमानूसार अग्रिम विधिक कायंवाही की गयी।



### गाय को गुड़ खिला कर मुख्य अभियंता विधुत ने किया पूजन

**झूंसी।** क्षेत्र गंगा तट पर स्थित टीकर माफी आश्रम में रविवार को पहुच कर मुख्य अभियंता विधुत प्रयागराज मण्डल विनोद कुमार गंगवार ने गोशाला में गायो की पूजा कर गुड़ खिलाया। राधा अष्टमी के अवसर पर मुख्य अभियंता विधुत प्रयागराज मंडल विनोद कुमार गंगवार, अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार व अधिशासी अभियंता रामबाग आरएन सिंह के साथ झूंसी स्थित टीकर माफी आश्रम पहुचे उन्होंने माँ गंगा की पूजा कर गोशाला में गायो को गुड़ खिलाया जिसके बाद गंगा प्रदूषण के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं टीकरमाफी आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी हरी चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान हर्ष ब्रह्मचारी महाराज, अवधेश कुमार सहित डंडी स्वामी उपस्थित रहे।



### आरएसएस ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सोरांव।** रविवार को गोहरी ग्राम सभा के मजरा विकास का पूरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रयागराज के सेवा विभाग द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर मे विनीता अस्पताल फाफामऊ के डॉक्टर राजवीर सिंह के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम द्वारा सैकड़ों क्षेत्रवासियों की स्वास्थ्य जांच की गई। एवं मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम के सुव्यवस्थित संचालन के लिए भाग एवं नगर के आरएसएस पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बजरंग शाखा तिवारीपुर एवं ज्ञानेश्वर शाखा को दायित्व सौंपा गया था। कार्यक्रम के सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संचालन में भाग एवं नगर के पदाधिकारियों के निर्देशन में डॉक्टर जगदीश मिश्रा संपर्क प्रमुख, व इंद्रदेव पांडे व्यवस्था प्रमुख, नगर कार्यकारिणी एवं बजरंग शाखा तिवारीपुर के शाखा कार्यवाहक विजयानंद त्रिपाठी, मुख्य शिक्षक शुभम त्रिपाठी एवं शाखा के अन्य समर्पित स्वयंसेवकों आलोक तिवारी, मनोज मिश्र, सत्यम पटेल, सचिन, अमन व लकी आदि ने अथक परिश्रम करते हुए अपना योगदान किया। एवं कार्यक्रम की व्यवस्था में स्थानीय निवासी धर्मेंद्र विश्वकर्मा, सूरज द्विवेदी व दीपक द्विवेदी आदि ने सहयोग दिया।



### मुनादी कराकर सचिवालय में लगाया गया वैक्सीनेशन कैंप

**सोरांव।** क्षेत्र के उसरही ग्राम पंचायत में रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीकाकरण से वंचित लोगों को कोविड़ शील्ड का टीकाकरण किया गया। जिसमे दूसरा और बूस्टर डोज मिलाकर कुल दर्जनों लोगों को टीकाकरण किया गया। इतना ही नहीं क्षेत्र की जिम्मेदार एएनएम साधना देवी द्वारा पहले क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को टीकाकरण कैंप के बारे में जानकारी दिए। और सफाई कर्मियों द्वारा ग्राम पंचायत के उसरही, सराय भोगी, प्रसादपुर आदि मजरों में मुनादी कर लोगों को सूचित किए तथा टीकाकरण के लिए प्रेरित भी किए। उसके बाद एएनएम साधना देवी सचिवालय पर आकर सबसे पहले पंचायत सहायक उर्मिला देवी कुशवाहा को कोविड शील्ड का बूस्टर डोज टीकाकरण कर कैंप की शुरूवात की। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम को 5 बजे तक चला जिसमे दर्जनों लोगों ने टीकाकरण करवाए। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान पति अवधेश कुशवाहा,आंगनवाड़ी संजू देवी पटेल, आशा सुषमा देवी, संग सफाई कर्मी सर्वजीत यादव, गौरी शंकर यादव सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



### चनेथू के दंगल में अमरेश पहलवान, मिन्नी पांडेय विजेता बने

**जंघई।** विगत वर्षों की भांति बड़े रविवार को आयोजित होने वाले दंगल की तरह इस वर्ष भी चनेथू बजरंगपुर में दंगल का आयोजन किया गया जिसमें दूरदराज से आए दर्जनों विभिन्न पहलवानों ने भाग्य आजमाया लेकिन मुख्य मुकाबले में अमरेश पहलवान एवं मिनी पांडेय विजेता बने। विजेताओं को उचित पुरस्कार देकर आयोजकों ने सम्मानित किया।आयोजक एडवोकेट राजीव रत्न शुक्ल, एडवोकेट प्रेम शंकर शुक्ल, सूर्यमणि शुक्ल, कमलाशंकर शुक्ल, अरुण शुक्ल, राजेन्द्र शुक्ल, बाबूलनाथ शुक्ल, कृष्ण मोहन शुक्ल, कपिल देव शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, विनय शुक्ला, हरिश्चन्द्र शुक्ला, दिलीप दुबे, नारायण दुबे, अक्षत दुबे, हिमांशु द्विवेदी, शिवम दुबे सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।



# केंद्रीय कारागार नैनी में बंद महिला कैदियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**नैनी।** केंद्रीय कारागार में स्वस्थ समाज के लिए महिलाओं का स्वस्थ व शिक्षित होना बेहद जरूरी है यह बातें वात्सल्य हॉस्पिटल सिविल लाइन्स प्रयागराज की निदेशक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश डॉ0 कीर्तिका अग्रवाल ने केंद्रीय कारागार नैनी में महिला कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजन के दौरान कहीं।वात्सल्य अस्पताल के चिकित्सकों एवं नर्सो की एक टीम के साथ डॉ0 कीर्तिका अग्रवाल ने जेल में लगभग 180 बंद महिला कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं महिलाओं को स्वस्थ रहने के उपाय बताए। उन्होंने कहा महिलाएं घर का पूरा कामकाज संभालती हैं, लेकिन जब अपने स्वास्थ्य की बारी आती है तो वह लापरवाह हो जाती हैं। इसका नतीजा यह होता है कि कोई न कोई बीमारी से ग्रसित हो जाती है।महिलाओं को सशक्त बनने के लिए अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है।स्वस्थ समाज के लिए महिलाओं का स्वस्थ व शिक्षित होना बेहद जरूरी है उन्होंने एक निष्क्रिय जीवन शैली और गलत आहार की आदतों से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने का आग्रह करते हुए कहा जब हम स्वस्थ और संतुलित होते हैं, तो हम अपने सपनों को पूरा करने के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में सक्षम होते हैं। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम और पौष्टिक आहार लेने से शरीर को लंबे समय तक निरोग रख सकते हैं। इसके अलावा सेनेटरी पैड के बारे में बताया गया। इसके अलावा खून की कमी के बारे में ब्रेस्ट कैंसर एवं बच्चेदानी के कैंसर के बारे में जानकारी दी गई।सावधानी ही हमें सुखमय जीवन की ओर ले जाता है। जेल में बंद महिला कैदियों ने आगे बढ़कर स्वास्थ्य परीक्षण कराने में सहभागिता दिया। इस मौके पर जेल निरीक्षक आर के सिंह,मेडिकल ऑफिसर डॉ वेद प्रकाश, मेडिकल टीम एवं जेल प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## सर्प दंश से युवक की इलाज के दौरान मृत्यु

**जंघई।** सेमरी कोइलहां निवासी 18 वर्षीय शुभम पुत्र रमेश गुप्ता छः दिन पूर्व दो मंजिला मकान पर तखत पर लेटा हुआ था। रात्रि में उसे किसी जहरीले सर्प ने दंश लिया। परिजनों जब को पता चला तो वे आनन फानन में उसे हंडिया के एक नर्सिंग होम में ले गये। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत में देख उसे स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया।जहां इलाज के दौरान छठे दिन युवक की मौत हो गई।

## करंट से युवक की मौत

**मऊआइमा।** मोबाइल को चार्ज में लगाते समय तार कटा होने से एक युवक को करंट लग गया। जिससे वह जमीन पर गिर पडा जब तक परिजन कुछ कर पाते उसकी मौके पर मौत हो गई। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवां शुकुलपुर निवासी रवि कुमार सरोज 25 वर्ष पुत्र राम आसरे बीती रात जब बिजली आयी तो अपना मोबाइल चार्जिंग में लगाने के लिए उठा। बताते हैं कि जैसे ही वह बोर्ड में मोबाइल लगाने लगा तार कहीं से कटा था। जिसकी चपेट में वह आ गया और जमीन पर गिर पडा जब तक परिजन कुछ कर पाते तब तक रवि कुमार की मौत हो चुकी थी।

# वॉलीबाल प्रतियोगिता: राजा कमलाकर इंटर कालेज को तिहरी सफलता

**अखंड भारत संदेश**

**तहसील स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में बारा तहसील के माध्यमिक विद्यालयों की टीम ने किया प्रतिभाग**

**शंकरगढ़।** शिवाजी इंटर कॉलेज पटेल नगर के खेल मैदान पर तहसील स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ के प्रधानाचार्य एपी सिंह व संयोजक प्रधानाचार्य कैलाश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस रैली में बारा तहसील के माध्यमिक विद्यालयों के बालक व बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कुल सात माध्यमिक विद्यालयों की टीम ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग बालक में राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़, प्रयागराज विजेता एवं लालचंद इंटर कॉलेज जसरा उपविजेता बनी। जबकि जूनियर वर्ग बालक में ईश्वर दीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा विजेता एवं राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ उप विजेता रही। इसी क्रम में सीनियर वर्ग बालिका में राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ विजेता एवं शिवाजी बालिका इंटर कॉलेज पटेलनगर उप विजेता और जूनियर



वर्ग बालिका में राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ विजेता एवं शिवाजी बालिका इंटर कॉलेज पटेल नगर उपविजेता रही। मुख्य अतिथि एपी सिंह ने कहा, खेल प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं में अनुशासन कायम होता है। माध्यमिक विद्यालयों में पाठ्य सहगामी क्रियाएं अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने विजय टीमों को शुभकामनाएं दी। संयोजक प्रधानाचार्य कैलाश सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में लालचंद्र इंटर कॉलेज जसरा के सम्मानित प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश सिंह, हरिकृष्ण, बृजेश कुमार यादव, खेल शिक्षक वीरेंद्रकुमार कुशवाहा, अरविंद कुमार गौतम, मान सिंह, राकेश श्रीवास्तव, चक्रधर द्विवेदी, ओम राजन यादव व विद्यालय के शिक्षक रामवृक्ष राम, कमलेश कुशवाहा, चंचल सोनकर आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### डिस्ट्रिक्ट वालीवाल एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**मेजा रोड।** रविवार को एसोसिएशन के संरक्षक श्यामकांत शुक्ला ( लहरी भइया) की अध्यक्षता में आहूत की गई बैठक विकासखंड मांडा के अंतर्गत चिलबिला बाजार स्थित उनके कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक का मुख्य एजेंडा यमुनापार क्षेत्र में वॉलीबॉल खेल के संवर्धन, संरक्षण और विकास को लेकर आपसी विचार विमर्श रहा बैठक में आपसी विचार -विमर्श के दौरान इस खेल को पुनर्जीवित करने तथा पुनः नई ऊंचाइयों पर स्थापित करने हेतु प्रस्ताव रखे गए और अंत में सर्वसम्मति से क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कुल 8 लीग प्रतियोगिता सब जूनियर बालकों (अंडर १६ ईयर्स ) के बीच कराए जाने का निर्णय लिया गयो क्षेत्र में नई -नई टीमों का गठन कर के घरेलू प्रतियोगिताओं के आयोजन के माध्यम से नई नई प्रतिभाओं की खोज एवं योग्य प्रशिक्षकों द्वारा उनको प्रशिक्षण प्रदान किए जाने का भी निर्णय लिया गया उक्त अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक महोदय ने नवनिर्वाचित एसोसिएट उपाध्यक्ष श्री के पी सिंह को सम्मानित किया तथा उनसे अपेक्षा की गई कि एसोसिएशन से जुड़ कर इस खेल को पुनः नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे उक्त बैठक में एसोसिएशन के महासचिव आर पी शुक्ला, कोषाध्यक्ष के बी एल श्रीवास्तव के साथ-साथ गणेश बाबागिरी, संतोष भास्कर, बागीश द्विवेदी, प्रभाकर चौबे, प्रांजल दुबे, विशाल रत्नाकर, कमलेश प्रसाद शर्मा, अमरेश मिश्रा, आलोक तिवारी, राकेश भास्कर, रमेश चंद तिवारी, अशफाक अहमद, रवि वर्मा, हेमंत तिवारी,रमेश तिवारी रुद्र, ऋषि तिवारी एवं क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी प्रशिक्षक एवं आयोजक आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजारी इनामिया बदमाश गिरफ्तार

## बदमाश के पैर में लगी गोली, प्रयागराज रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** हथिगवां पुलिस ने 25 हजारी का इनामिया बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया जिसका दूसरा साथी अंधेरा का फायदा देख फरार हो गया जिसकी सरगर्मी से पुलिस तलाश कर रही है। हथिगवां पुलिस की बदमाशो की धरपकड़ के लिए चलाए गए स्टिंग ऑपरेशन में अपराधियों में हड़कम्प मचा हुआ है।

हथिगवां थाना प्रभारी संतोष सिंह, उपनिरीक्षक ओमपकाश सिंह, उप निरीक्षक सुनील तिवारी, उप निरीक्षक रोहित कुमार उपनिरीक्षक रमिल कुमार, सिपाही यशवंत सिंह राठौर, व भानु प्रताप सिंह कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त व अपराधियो को उनके अंजाम तक पहुचाने के लिए स्टिंग ऑपरेशन चलाया जिसमे रविवार की भोर पहर लगभग एक बजकर 20 मिनट पर थाना क्षेत्र के छिछिलिया पुलिया के पास पुलिस मुठभेड़ में हथिगवां थाना क्षेत्र का अंतर्जनपदीय टॉप-10 हिस्ट्रीशीटर व 25 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त ननका यादव उर्फ राम सिंह पुत्र श्रीकृष्ण यादव बिहरिया थाना हथिगवां को पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई जवाब में पुलिस ने आत्म रक्षार्थ में जवाबी फायरिंग किया जिसमें अभियुक्त ननका यादव के बांये पैर के घुटने के नीचे गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए तत्काल सीएचसी कुंडा ले गए जहां से चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद एसआरएन प्रयागराज रिफर कर दिया। अभियुक्त ननका यादव के खिलाफ हथिगवां थाने में लगभग डेढ़ दर्जन विभिन्न धाराओं में गम्भीर मुकदमा दर्ज है, जिसके पास एक अदद तमंचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया तथा एक अदद पल्सर मोटरसाइकिल काले रंग की बिना नम्बर की मुठभेड़ के दौरान बरामद किया।


पुलिस मुठभेड़ के दौरान जमीन पर गिरी मोटरसाइकिल।

## जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना कुण्डा के उ0नि0 विजय कुमार मय हमराह द्वारा जिला बदर अभियुक्त कमलेश कुमार पुत्र अखिलानन्द निवासी ग्राम शीतलपुर, रैय्यापुर थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़, जिसे न्यायालय द्वारा वाद संख्या 426/2021 धारा 3(1) गुण्डा अधिनियम में 24 जून 2022 से 06 माह के लिये जिला बदर किया गया था लेकिन न्यायालय का आदेश न मानने व घर पर ही रहने के कारण अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

# काव्य संग्रह सूरज की किरण का हुआ लोकार्पण

## सृजना साहित्यिक संस्था द्वारा हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ के सभागार में सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार श्रीनाथ मौर्य सरस के काव्य संग्रह सूरज की किरण का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि साहित्य लेखन समाज के उन्नयन का सर्वश्रेष्ठ एवं सहज माध्यम है। सूरज की किरण काव्य संग्रह एक कालजयी रचना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज के वरिष्ठ साहित्यकार प्रदीप चित्रांशी ने कहा कि साहित्यकार समाज का वास्तविक शिल्पकार एवं दर्पण होता है। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्य ने कहा कि सूरज की किरण काव्य संग्रह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम बनेगी।

विशिष्ट अतिथि रोशनलाल ऊमरवैश्य ने कहा कि सूरज की किरण हिन्दी साहित्य में दिनकर के समान कालजयी होगी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, कुंज बिहारी लाल मौर्य काकाश्री, अनिल कुमार निलय, लखन प्रतापगढ़ी, गंगा प्रसाद भावुक, विकास हमराही, अमरनाथ गुप्ता बेजोड़, अनीस देहाती, उजड्ड आदि साहित्यकारों ने काव्यपाठ किया। इस अवसर पर माया त्रिपाठी, सूरज मौर्य, विनोद, अंकित, वंदना, मीना, विवेक, दीपक आदि मौजूद रहे।



काव्य संग्रह का लोकार्पण करते अतिथिगण।

## स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार वितरण का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हम सब का एक ही सपना, स्वच्छ सुंदर हो विद्यालय अपना, कुछ इसी जोश एवं जज्बे के साथ गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के कुशल नेतृत्व में एवं समस्त विद्यालय परिवार के सहयोग से कलेक्ट्रेट के सभागार में जनपद के स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार वितरण के भव्य समारोह 2022 का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने माध्यमिक विद्यालय की श्रेणी में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ को स्वच्छता का प्रथम श्रेणी का प्रमाण पत्र देते हुए प्रधानाचार्य गरिमा श्रीवास्तव एवं विद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ मोहम्मद अनीस को विशेष सहयोग के लिए शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने इस उपलब्धि के लिए समस्त विद्यालय परिवार को बधाई दी एवं विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ की इस उपलब्धि पर सर्वदानंद जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़, एसपी दिवेदी सह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़, गीता यादव उप प्रधानाचार्य रा बा इं का प्रतापगढ़ डॉक्टर विंध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ एवं शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों एवं प्रधानाचार्य ने विद्यालय परिवार को बधाइयां दी।

# अवैध गांजा व देशी शराब के साथ सात अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना संग्रामगढ के उ0नि0 राजीव वर्मा मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम संग्रामगढ़, बंधे के पास से दो व्यक्तियों शुभम पटेल उर्फ टुल्ले पुत्र स्व0 गौतम पटेल व शिवलाल पटेल पुत्र राजाराम पटेल निवासीगण लाला का पुरवा थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को 870 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

इस सम्बन्ध में थाना संग्रामगढ में क्रमशः मु0अ0सं0 243/2022 व 244/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। उधर थाना कुण्डा के उ0नि0 विजय कुमार मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ताजपुर तिराहा, हथिगवां रोड़ के पास से एक व्यक्ति रमेश कुमार यादव पुत्र स्व0 अयोध्या प्रसाद यादव निवासी ताज का पुरवा, शेखपुर आशिक थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ को 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कुण्डा में मु0अ0सं0 385/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। उधर थाना मानिकपुर के उप निरीक्षक श्याम सुन्दर गिरी अपने हमराही के साथ मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के आरएमटी स्कूल बभनपुर के मिलिट्री गाउन्ड के पास से राजेश मिश्र पुत्र स्व0 रामजी मिश्रा निवासी ग्राम मुन्दीपुर, थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़ को मोटर साइकिल के साथ दो बण्डल में 10 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। जामा तलाशी में दो अदद मोबाइल, 1700 रु नकद बरामद किया।

पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 264/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया। बरामद मोटर साइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। थाना उदयपुर के उ0नि0 राजेश कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के जोगापुर मोड़ के पास से एक व्यक्ति नन्हे सिंह पुत्र राम अधार निवासी रेवली थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़ को 10 लीटर अवैध कच्ची देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना उदयपुर में मु0अ0सं0 191/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है एवं थाना उदयपुर के उ0नि0 संतोष कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के कोइली ताली से जरियारी जाने वाले तिराहे के पास से एक व्यक्ति रामलौटन पुत्र स्व0 रामखेलावन निवासी पाठक का पुरवा मजरा जरियारी थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़ को 15 लीटर अवैध कच्ची देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना उदयपुर में मु0अ0सं0 192/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है। उधर थाना जेठवारा के उ0नि0 सुमित सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के नारायण तिराहा, नवोदय विद्यालय के पास से एक व्यक्ति देवीशंकर पाण्डेय पुत्र स्व0 रामसनेही निवासी सराय खण्डेराय टेउंगा थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ को 10 लीटर अवैध कच्ची देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना जेठवारा में मु0अ0सं0 237/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## हिंदी साहित्य अकादमी के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के ओज कवि व वरिष्ठ साहित्यकार अंजनी अमोघ को हिंदी साहित्य अकादमी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर साहित्यकारों ने खुशी जताई है। रविवार को यहां हुई बैठक में साहित्यकारों ने कहा कि अंजनी अमोघ के द्वारा हिंदी साहित्य व भाषा के संवर्धन में योगदान को देखते हुए यह मनोनयन साहित्य क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण है। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ गजलकार डॉ नागेंद्र अनुज व संचालन शायर अनूप प्रतापगढ़ी ने किया। वहीं उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अंजनी अमोघ ने कहा कि व साहित्य के राष्ट्रीय सरोकारों को मजबूत बनाने में अपना समर्थन जारी रखेंगे। इस मौके पर लवलेश यदुवंशी, परवाना प्रतापगढ़ी, अनूप त्रिपाठी, संजय शुक्ला, आशुतोष आशु, सौरव ओझा, संतोष तिवारी, संजय पांडे पुष्पेंद्र आदि साहित्यकार व कवि मौजूद रहे।

## बोलेरो गाड़ी ने मारी ई रिक्शा को टक्कर, तीन घायल

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-लखनऊ नेशनल हाइवे पर मानिकपुर थाना क्षेत्र के चैरही के निकट गंगापार कौशाम्बी देबीगंज से सवारी लेकर आ रही ई रिक्शा को ऊँचाहार की तरफ से मानिकपुर की ओर जा रही बोलेरो गाड़ी जोरदार टक्कर मारती हुई अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें ई रिक्शा चालक दिवांकर धुरिया (60) वर्षीय कालाकांकर निवासी गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुची मानिकपुर पुलिस ई रिक्शा के घायल लोगों को उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर ले गई, जहाँ गम्भीर रूप से घायल दिवांकर को परिजन लोग प्राइवेट नर्सिंग होम प्रयागराज उपचार के लिए ले गए। जहां हालत गम्भीर बनी हुई है। बाकी दो अन्य घायल छात्र राहुल पुत्र रामस्वरूप (23) वर्षीय खागा अलीपुर बहेरा व छात्र राहुल पुत्र रामरतन (21) वर्षीय टिकारी खागा को उपचार के बाद रायबरेली रिफर कर दिया दोनों घायल छात्र डिग्री कालेज कालाकांकर के छात्र हैं।

# बच्चा चोर समझ कर ग्रामीणों ने किया हंगामा, महिला की हुई पिटाई

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गांव में इस समय बच्चा चोर को लेकर अफवाहों का बाजार काफी गर्म चल रहा है। इसी कड़ी में रविवार की सुबह उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में अनजान महिला को लेकर ग्रामीणों ने घंटों हंगामा काटा। हालांकि सूचना पर पहुंची उदयपुर पुलिस ने जब ग्रामीणों के आक्रोश का कारण बनी महिला को देखा तो उसे विक्षिप्त बताया।

पुलिस का कहना है कि यह महिला विक्षिप्त है और इसे कई दिनों से उदयपुर बाजार क्षेत्र में घूमते देखा जा रहा है। उदयपुर के पूरे राजाराम गांव में एक महिला सुबह घूमती दिखी। महिला के विक्षिप्त होने के कारण बच्चे उसे देखकर भागने लगे तब तक गांव में कुछ महिलाओं के बीच यह अफवाह फैल गई कि गांव में बच्चा चोर महिलाओं का गिरोह आ गया है। यह सुनकर काफी संख्या में वहां ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा महिला को घेर लिया। महिला के इधर-उधर की बात कहने पर ग्रामीणों का शक और गहरा गया तथा ग्रामीणों ने गुस्से में उसकी पिटाई कर दी। ग्रामीणों ने महिला को वही रोक लिया और टेलीफोन से उदयपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर उदयपुर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने जब महिला को देखा तो उसे विक्षिप्त बताया। इसे लेकर काफी देर तक ग्रामीणों व पुलिस कर्मियों के बीच तू-तू मैं-मैं भी होती रही। ग्रामीणों का कहना था कि गांवो में इस समय बच्चा चोरों का गिरोह घूम रहा है और कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह ग्रामीणों को समझा-बुझाकर विक्षिप्त महिला को उदयपुर बाजार में एक डॉक्टर के यहां भिजवा कर उसका इलाज करवाया।

## आरटीओ ने आधा दर्जन टेम्पो सवारी का किया चालान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में पुलिस संरक्षण में हो रही डग्गामारी पर अंकुश लगाने के लिए रविवार को आरटीओ प्रतापगढ़ ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया जिसमे टेम्पो चालको में हड़कम्प मचा रहा लगभग चार पांच टेम्पो का जुमार्ना की रसीद काटी जुमार्ना न भरने पर चालान कर दिया जाएगा। मालूम हो कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के नवाबगंज आलापुर व लवाना बाजार में टेम्पो चालक खुलेआम ओवर लोड सवारी भरकर जान जोखिम में टेम्पो चला रहे हैं जिनके पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस है न ही गाड़ियों के कागजात हैं। पुलिस की आँखों के सामने फर्राटे मारकर दौड़ रहे हैं। आलम यह है कि कुछ टेम्पो चालक कम उम्र के हैं जिनके हाथो में सवारियों की जिंदगी है, जिनको सिर्फ किराया वसूलने से मतलब है।

## गैंगस्टर का आरोपी धराया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने गैंगस्टर के वांछित आरोपी को रविवार की सुबह धर दबोचा। लीलापुर थाना अध्यक्ष विनीत कुमार उपाध्याय फोर्स के साथ सुबह गश्त पर निकले थे इस बीच हाड़ैर गांव के समीप पहुंचे थे की तिराहे पर पुलिस को पूरे बीरबल ढकवा निवासी अब्दुल जब्बार का पुत्र गैंगस्टर आरोपी मोहम्मद इरशाद दिख गया। पुलिस ने इरशाद को दौड़ाकर धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी मोहम्मद इरशाद कई गंभीर आपराधिक घटनाओं में भी पहले से आरोपी है। पुलिस ने हिरासत में लिए गए आरोपी को रविवार की दोपहर बाद न्यायालय भेज दिया।

## टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने विधायक को सौंपा ज्ञापन


विधायक को ज्ञापन सौंपते टीचर्स सेल्फ केयर टीम के पदाधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम प्रतापगढ़ द्वारा बेसिक शिक्षकों के लिए 50 लाख का दुर्घटना बीमा शुरू करने के लिए एक ज्ञापन विधायक सदर प्रतापगढ़ राजेंद्र मौर्य को दिया गया। इस अवसर पर विधायक को टीचर सेल्फ केयर टीम की पत्रिका विचार क्रांति भी टीम द्वारा सप्रेम भेंट की गई। विधायक ने बहुत ही ध्यान पूर्वक टीम की बातें सुनी टीम के कार्यों की बहुत सराहना की और मांग को मुख्यमंत्री और बेसिक शिक्षा मंत्री तक पहुंचाने का पूर्ण आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला संयोजक राजेश कुमार मौर्य, पवन कुमार मौर्य, वीरेंद्र यादव, विजय गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अरुण कुमार मौर्य, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विजय मौर्य सहित कई शिक्षकगण मौजूद रहे।

## कबड्डी प्रतियोगिता में मरुआन ने श्रीनाथपुर को हराया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहीद जवान चंद्रलोक तिवारी की स्मृति में बेलखरनाथ ब्लॉक के सराय नानकार में डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद की कई टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच में मरुआन ने श्रीनाथपुर को 12 अंकों से हरा कर मैच की विजेता चुनी गई। रेफरी की भूमिका राज बहादुर पाल, इसरार अहमद व राकेश पाल ने निभाई। संचालन वकार जैद खान ने किया। मैच का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य पति सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा व तकदीर अहमद ने किया। शहीद के सम्मान में चंद्रलोक के पिता विजय नारायन तिवारी के हाथों विजेता टीम को 5100 नगद व उपविजेता टीम को 3100 रुपए नगद पुरस्कार व अन्य अतिथियों से शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान टूनामेंट के अध्यक्ष नदीम अहमद, निसार अहमद, अजमल, जीशान, अमित पाल, इखलाक, आदिल, समीर, शाहिल, इश्तियाक, वसीम, कलीम आदि लोग व सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।


कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी।


# भंडारे में उमड़ी भीड़, बप्पा मोरया रे....

## सिविल लाइंस में धूमधाम से मना गणेश उत्सव, सुंदरकांड का हुआ पाठ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में विघ्नहर्ता प्रथम पूजनीय गणेश उत्सव की धूम है। सिविल लाइंस इलाके वी मार्ट में शनिवार रात को मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ परामर्शदाता डाक्टर मनोज खत्री के संयोजन में गणेश उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। भंडारे में प्रसाद लेने वालों की भीड़ उमड़ी रही। जिसमें पहुंचे स्वास्थ विभाग के डाक्टरों, मीडिया और समाज के प्रबुद्धजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा देर रात तक चला। गरीबों तक प्रसाद की थाली पहुंचाने की व्यवस्था की गई थी।

डाक्टर खत्री का सामाजिक सरोकार में काफी योगदान रहता है। गरीब बच्चों की शिक्षा में मदद हो या लोक कल्याण के लिए गणेश उत्सव,सुंदरकांड का पाठ और भंडारा। सभी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी उनके संयोजन में सिविल लाइंस इलाके में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें मूर्ति स्थापना की गई है। भजन गायक राकेश शर्मा रामायनी की टीम की अगुआई में सुबह शाम आरती, भजन पूजन चल रहा है। शनिवार को गणेश पंडाल में सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं भी भीड़ रही। अस्पताल, पंजाबी मार्केट और रेलवे स्टेशन पर मिले भूखे लोगों को भी प्रसाद की थाली दी गई। इस मौके पर डाक्टर अरविंद खत्री, ज्योत्सना खत्री, आरपी चैबे, आरप्रसाद, एसके गुप्ता, घनश्याम अग्रवाल, विवेक त्रिपाठी, सचिन कुमार, राजीव त्रिपाठी, महेंद्र सिंह, सानू, सतीश, प्रदीप यादव और मोहक खत्री समेत कई लोगों की सहभागिता की।


पूजन अर्चन करते चिकित्सक डा0 मनोज खत्री।

## बाजार से घर लौट रहे छात्र पर आधा दर्जन युवको ने किया हमला, गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बाजार से घर लौट रहे छात्र पर आधा दर्जन गैर समुदाय के युवकों ने घर के समीप प्राथमिक विद्यालय के पास जानलेवा कर दिया। शोर मचाने पर चचेरा भाई व उसकी माँ दौड़ी तो दबंगो ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। घटना कंधई थाना क्षेत्र के गोलापुर गांव की है। बताते है कि उक्त गांव निवासी प्यारेलाल का बेटा रिशु 17 इण्टरमीडिएट का छात्र है। रविवार की सुबह वह स्थानीय बाजार गया था। वहाँ से लौटते समय घर के समीप प्राथमिक विद्यालय के पास आधा दर्जन गैर समुदाय के युवकों ने जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। शोर मचाने पर उसकी माँ उर्मिला पत्नी प्यारे लाल व चचेरा भाई सूरज दौड़े तो उन्हें भी मारा पीटा। जानकारी पर गांव के अन्य लोग भी दौड़े तो हमलावर फायरिंग करते धमकी देते हुए भाग निकले। आनन फानन सभी को इलाज के लिए सीएचसी बेलखरनाथ लाया गया, जहाँ डाक्टरों ने रिशु की हालत नाजुक देख राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ रेफर कर दिया।

## राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** अवधेशपुर ऐंठू में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अवसर पर पोषण महत्व पर नागरिकों को जागरूक करने के लिए एक पोषण शिविर का आयोजन किया गया। पोषण का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ किरन सिंह एवं संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने संयुक्त रूप से किया। डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि पूरे भारत वर्ष में 1 से 7 सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण महत्व मनाया जाता है, पोषण मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ भोजन एवं पोषण प्रति जागरूकता बढ़ाना है। स्वामी विवेकानन्द समाज कल्याण समिति के सचिव डॉ विष्णु कुमार पाण्डेय कहा कि स्वस्थ रहने के लिए शरीर को प्रोटीन, विटामिन व मिनरल जैसे पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ किरन सिंह ने कहा कि पोषण जरूरत हर उम्र वर्ग के लोगों को होती है। कार्यक्रम के भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को सक्षम फाउण्डेशन द्वारा पोषण वाटिका में बोयी जाने वाली सब्जियों के बीज का पैकेट मुख्य अतिथि द्वारा वितरित किया गया ।

## जबरन निर्माण करने की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आरोपियों द्वारा बाग में जबरन निर्माण किए जाने पर पीड़ित में थाने में शिकायत किया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सपहा छात गांव के जलनी प्रसाद तिवारी ने बताया कि उसके बाग में उसके पड़ोसी चार लोग जबरन अवैध तरीके से निर्माण कर रहे हैं। रोकने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया और आरोपियों पर कारवाई की मांग की है।

संपादकीय

## शिक्षक की गरिमा: पुनर्प्रतिष्ठा की अनिवार्यता

**भारतीय** संस्कृति में गुरु या शिक्षक को ऐसे प्रकाश के स्रोत के रूप में ग्रहण किया गया है जो ज्ञान की दीप्ति से अज्ञान के आवरण को दूर कर जीवन को सही मार्ग पर ले चलता है। इसीलिए उसका स्थान सर्वोपरि होता है। उसे ह्यसाक्षात परब्रह्मह्ल तक कहा गया है। आज भी सामाजिक, आध्यात्मिक और निजी जीवन में बहुत सारे लोग किसी न किसी गुरु से जुड़े मिलते हैं। गुरु से प्रेरणा पाने और उनके आशीर्वाद से मनोरथों की पूर्ति की कामना आम बात है यद्यपि गुरु की संस्था में इस तरह के विश्वास को कुछ छद्म गुरु नाजायज फायदा भी उठाते हैं और गुरु-शिष्य के पावन सम्बन्ध को लांछित करते हैं। शिक्षा के औपचारिक क्षेत्र में गुरु या शिक्षक एक अनिवार्य कड़ी है जिसके अभाव में ज्ञान का अर्जन, सृजन और विस्तार सम्भव नहीं है। भारत में शिक्षक दिवस डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की स्मृति को जीवंत करता है, वे एक महान अध्यापक और राजनयिक थे जिन्होंने अपने अध्यवसाय से एक साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि से आकर देश-विदेश में दार्शनिक के रूप में ख्याति अर्जित की और राष्ट्रपति के शीर्ष पद को सुशोभित किया। वे आज भी वैदुष्य की दृष्टि से प्रेरणा-स्रोत हैं। भारतीय समाज की स्मृति में धौम्य-उद्दालक, चाणक्य-चंद्रगुप्त, समर्थगुरु रामदास-शिवा जी महाराज और रामकृष्ण परमहंस-विवेकानंद जैसी गुरु-शिष्य की जोड़ियाँ बड़ी प्रसिद्ध हैं जिन्होंने युगांतरकारी उपलब्धियाँ कीं और देश काल की धारा बदल दी। यह सूची बड़ी लम्बी है। गुरु निश्छल, प्रपंचों से दूर और वीतराग तपस्वी हुआ करते थे। समय बीतने के साथ शिक्षण और दीक्षा के स्वरूप और गरिमा में बदलाव आता गया। गुरु की संस्था समाज का दायित्व थी और गुरु स्वतंत्र रहता था। उसका कार्य चिंतन, मनन और लोक-कल्याण के लिए अपनी साधना से ज्ञान को उपलब्ध कराना था। बदलते दौर में गुरु की महिमा घटनी शुरू हुई। व्यवस्था के अंतर्गत वह नौकर-चाकर बन गया। उसकी प्रवृत्ति बदलने लगी और ज्ञान अर्जित करने की जगह वह कमाई करने लगा। शैक्षिक संस्थाओं के सरकारीकरण और फिर निजीकरण के साथ शिक्षा जगत पर बाजार का असर शुरू हुआ। शिक्षा व्यापार का रूप लेने लगी और विद्यार्थी अंततः धनार्थी बनता गया। अर्थ की अंतहीन स्पृहा ने शिक्षा जगत को आगोश में लेना शुरू किया। धर्म की परिधि में विद्या और अर्थ की चिंता करने की हिदायत बिसरती गयी। आज प्रवेश, परीक्षा, उपाधि, नौकरी और शोध-प्रकाशन हर क्षेत्र में शार्टकट से काम हो जाय इसके जुगाड़ में शिक्षक और शिक्षार्थी व्यस्त हो रहे हैं। साहित्यिक चोरी (प्लैगेरिजम) किस तरह रोग की तरह फैला है सर्वविदित है। इन सबके फलस्वरूप शिक्षा के मानक गिरते जा रहे हैं। इन सबके बीच शिक्षक की भूमिका प्रश्नांकित होने लगी है। आज जिनको शिक्षक की नौकरी मिल गयी है, वे प्रोन्नति और अधिकाधिक रुपया कमाने की जुगत में लग गए हैं। ऐसे शिक्षकों की भी अच्छी संख्या है जो बिना पढ़ाए, बिना पढ़े बिना काम किए दक्षिणा ले रहे हैं और ऐसा करने के लिए उनके पास उचित कारण और तर्क भी मौजूद रहते हैं। अनेक शिक्षा संस्थान ऐसे भी हैं जिनमें अनेक कारणों से वर्षों से अध्यापकों के पद खाली पड़े हैं और शिक्षा हो रही है। जो अध्यापक हैं भी उनको शिक्षण के अतिरिक्त दूसरे कामों में व्यस्त कर दिया जाता है जो सरकार द्वारा समय-समय पर सुपुर्द किए जाते हैं।

इस दृष्टि से प्राथमिक स्कूलों की हाल सबसे बदतर है। अब किस्म-किस्म के निजी शिक्षा संस्थानों की भी बाढ़ आ गयी है और उनकी गुणवत्ता और व्यवस्था की अलग व्यथा-कथा है। उनमें शोषण और पीड़ा की कहानियाँ अक्सर सुनाई पड़ती हैं।

शिक्षक की तैयारी के लिए शिक्षक-शिक्षा का विस्तार हुआ और अब हजारों की संख्या में प्रशिक्षण संस्थान खुल चुके हैं जो अनियंत्रित रूप से अध्यापक पैदा कर रहे हैं। उनमें अधिकांश की गुणवत्ता संदिग्ध है। वैसे भी ये संस्थाएँ आज भी अधिकांशतः व्यवहारवादी उपागम के अनुसार अध्यापन को स्वीकार करती है। फलतः अध्यान एक ह्यरूटीन जाबह्ल के रूप में ग्रहण लिया जाने लगा है और उनमें सृजनात्मक मानस ढालने की लगन कम ही दिखती है। विकल्प के रूप में उभर रहे सामाजिक निर्माणवादी उपागम के लिए जिस उर्वर परिवेश की आवश्यकता होती है वह प्रचलित नौकरशाही की जकड़ में अधिकांश संस्थाओं में दम तोड़ता दिखता है। थोड़ी-सी संस्थाएँ अपवाद हैं जहां नए प्रयोग होते हैं। शिक्षकों के लिए जो पेशेवर (प्रोफेशनल) दृष्टि और मानक चाहिए वे अनुपस्थित ही रहते हैं। सच्चाई यह है कि शिक्षक सिर्फ.पाठ्य चर्या के क्रियान्वयन से तालुक रखते हैं, नीति-निर्माण के हिस्सेदार नहीं होते हैं। आवश्यकता है कि अध्यापकों में स्वाध्याय और प्रयोग की लालसा की प्रवृत्ति विकसित हो और उन्हें उसका अवसर भी दिया जाय।

आज के युवा वर्ग की पसंद को देखें तो वे अध्यापन को पसंदीदा व्यवसाय नहीं मानते। जिसे कुछ नहीं मिलता वह थक हार कर बेमन से शिक्षक के कार्य की ओर मूड जाता है। जिस कर्तव्य बोध की जरूरत देश के भावी नागरिक के निर्माण के लिए अपेक्षित है वह ऐसे मजबूर और विवश अध्यापकों में नहीं मिलता। ये शिक्षक अपनी छवि के लिए चिंतित, नौकरी चलते रहने तक रुचि रखने वाले वेतन लेने वाले कर्मचारी के रूप में ही अपने को देखते हैं। युवा वर्ग को अध्यापकी में उन्नति और रुतबे के अवसर नहीं दिखते। इस बात से कि अध्यापक में भी मूल्य हों और वे सत्य, अहिंसा, सदाचार, भाई-चारा को बनाएँ बढ़ाएँ शायद ही किसी को गुरेज हो, परंतु संस्थाओं का ढाँचा शिक्षक को नियंत्रित करता है और आवश्यक स्वायत्तता नहीं देता। ऐसे में अध्यापक हतोत्साहित हो कर यथास्थिति बनाए रखने में ही भलाई देखते हैं। नवाचार का प्रश्न छूट जाता है और रूटीन ढंग से अध्यापन अनुसंधान चलता रहता है। आज शिक्षालयों की संस्कृति में सीखने और समझने की जगह अंक और परीक्षा ही मुख्य सरोकार होते जा रहे हैं।

# गुरुवर तब सम्बल बने, होते बड़े महान

**जब रिश्ते हैं टूटते, होते विफल विधान।**
**गुरुवर तब सम्बल बने, होते बड़े महान।।**

मनुष्य के जीवन में जन्म से ही ज्ञान, विचारों, मूल्यों का क्रमिक विकास होता है, जो उसे अन्य पशुओं से अलग कर मनुष्य बनाता है। परिवार के बाद, शिक्षक इस विकास में सबसे बड़ी भूमिका निभाते हैं। हालांकि, भारतीय समाज में, शिक्षकों को बहुत उच्च सम्मान में रखा जाता है, प्राचीन काल से वे नैतिकता का प्रमुख स्रोत रहे हैं और समाज में शिक्षा को महत्व देंते रहे है। शिक्षकों ने पूरे समाज के लिए एक दार्शनिक-मार्गदर्शक-मित्र के रूप में कार्य करने के लिए अपने ज्ञान का इस्तेमाल किया, उनमें से कई ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ काम किया। समकालीन दुनिया में भी, अकादमिक प्रतिभा के अलावा, वे नैतिकता के लिए खड़े हैं और हमारे अत्यधिक ग्रामीण और अनपढ़ समाज में, लोग शिक्षकों को अपने बच्चों के भविष्य के निमार्ता के रूप में देखते हैं। बच्चों के विकास में, शिक्षकों की आदर्श भूमिका सही मूल्यों और गुणों के प्रवर्तक और प्रेरक की होनी चाहिए। इस प्रकार, छात्रों को ज्ञान सीधे चम्मच खिलाने के बजाय, उन्हें बच्चों में पूछताछ, तर्कसंगतता की भावना विकसित करने का प्रयास करना चाहिए, ताकि वे अपने दम पर, जुनून के साथ सीखने के लिए सशक्त महसूस करें। साथ ही, शिक्षकों को अच्छे नैतिक मूल्यों जैसे सत्य, ईमानदारी, अनुशासन, नम्रता, धार्मिक सहिष्णुता, लिंग समानता आदि को बच्चों में विकसित करने का प्रयास करना चाहिए ताकि अच्छे इंसानों की नींव रखी जा सके। समकालीन दुनिया में एक गहरे मूल्य संकट का सामना करना पड़ रहा है, अगर हमें विकसित और समृद्ध होना है, तो हमारे शिक्षकों की एक बड़ी



भूमिका है। शिक्षक का मूल्य प्राचीन भारत के सुंदर श्लोक द्वारा स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है - गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वराः, गुरु साक्षात परम ब्रह्मा, तस्मै श्री गुरुवे नमः। जिसका अर्थ है "गुरु निमार्ता (ब्रह्मा) हैं, गुरु संरक्षक (विष्णु) हैं, गुरुदेव संहारक (महेश्वर) हैं। गुरु स्वयं पूर्ण (एकवचन) भगवान हैं, उस श्री गुरु को नमस्कार" शिक्षक केवल पैसे के लिए पढ़ाने वाला नहीं है, पढ़ाने का जुनून बहुत आगे है। यह हमारे समाज का कड़वा सच है कि कुछ शिक्षकों में वास्तव में पढ़ाने के लिए जुनून और ज्ञान नहीं है, ऐसे कई उदाहरण हैं जैसे बिहार के स्कूलों में क्या हो रहा है, अगर शिक्षक में शिक्षण की गुणवत्ता की कमी है तो हम छात्रों से क्या उम्मीद कर सकते हैं, शिक्षा प्रणाली में बदलाव की जरूरत है, एनसीईआरटी का पैटर्न पुराना है और इसे 2015 से संशोधित नहीं किया गया है। साक्षर शिक्षक होने चाहिए लेकिन शिक्षित शिक्षक भी होने चाहिए।

किसी भी बच्चे की पहली शिक्षिका माँ होती है, जिसके द्वारा बच्चा उन बुनियादी बातों को सीखता है जिनका उसके व्यक्तित्व पर मौलिक प्रभाव पड़ता है। शिक्षक के पास ज्ञान का पोषण करके अपने छात्रों के माध्यम से क्रांति लाने की शक्ति है। इसलिए शिक्षक छात्रों के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, वह छात्रों को प्रेरित करके सही मार्गदर्शन करता है और छात्रों की जरूरतों और समस्याओं को भी समझता है और सर्वोत्तम समाधान प्रदान करके इसका समाधान करता है। शिक्षक का मिलनसार स्वभाव वाकई काबिले तारीफ है। इस प्रकार एक शिक्षक में वे सभी गुण होते हैं जिनके द्वारा वह किसी भी छात्र को सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान कर-के और उसे प्रेरित करके उसका भाग्य बदल सकता है। भारतीय समाज में गुरु का स्थान ऊँचे पद पर आसीन था। शास्त्रों में, गुरु को अक्सर भगवान के समान माना गया है। यहां तक कि सामाजिक-धार्मिक सुधारकों ने भी अपने जीवन में गुरुओं की सर्वोत्कृष्टता पर टिप्पणी की। गुरु को न केवल एक मार्गदर्शक, शिक्षक, मित्र, सत्य साधक के रूप में देखा गया है, बल्कि एक ऐसा व्यक्ति भी है जो ब्रह्मांड में किसी की क्षमता और स्थान को महसूस करने में सक्षम बनाता है। बच्चे और मानव के भविष्य को आकार देने में शिक्षक की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण रही। वर्तमान में समाज ने मानवीय स्पर्श खो दिया है - करुणा, सहानुभूति, मूल उद्देश्य और सहिष्णुता का सार, अब समय आ गया है कि ऐसे मूल्यों को बच्चों में विकसित किया जाए। इस संदर्भ में गुरु महत्वपूर्ण है। सामाजिक मूल्य, सद्भाव, उत्कृष्टता की भावना समय की मांग है। इसलिए शिक्षक की भूमिका केवल पाठ्य विकास तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मानव आत्म के समग्र विकास तक - सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और प्रासंगिक - अधिकतम क्षमता की प्राप्ति के लिए है। भारत में अनादि काल से गुरु-शिष्य परम्परा विद्यमान रही है। शिष्यों के सभी मुद्दों के लिए गुरु एकल बिंदु संदर्भ हुआ करते थे और साथ ही वे मूल्यों और गुणों के प्रतीक थे और उन्हें विद्यार्थियों में स्थापित करना उनका कर्तव्य था। नैतिक और नैतिक मूल्यों में बहुत उच्च आदर्शों पर नागरिकों का एक वर्ग बनाना, अहिंसा और सहानुभूति का प्रचार करना और विद्यार्थियों को गरीबी, दर्द और समाज की जरूरतों के प्रति संवेदनशील बनाना था। आजकल यह सब लुप्त हो रहा है और स्कूल रटने वाले लेकिन बौद्धिक पक्ष की कमी के साथ यांत्रिक छात्रों को पैदा कर रहे हैं। आधुनिक समय के शिक्षक स्वयं मूल्य प्रणालियों में अच्छी तरह से सुसज्जित नहीं हैं और अक्सर राजनीतिक विचारधाराओं के अग्रदूत होते हैं जो शिक्षण को प्रचार से बदल देते हैं और छात्रों और राष्ट्र दोनों के लिए खतरनाक होते हैं। समय की मांग है कि शिक्षकों को उचित प्रशिक्षण दिया जाए और उन्हें सख्ती से निर्देश दिया जाए कि वे प्रचार में न उलझें, बल्कि संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता और समावेशिता के सिद्धांतों पर बच्चों के दिमाग का विकास करें। भारतीय समाज में शिक्षक को ईश्वर के समान स्थान दिया गया है। बच्चों के दूसरे अभिभावक माने जाने वाले शिक्षक की तुलना अक्सर अंधेरे में आशा के प्रकाश से की जाती है। मनुष्य की नींव बनाने में उनके द्वारा निभाई गई बहुत महत्वपूर्ण भूमिका के कारण शिक्षक को बहुत उच्च स्थान पर रखा गया है। न केवल ज्ञान बल्कि वे व्यक्ति के नैतिक, सामाजिक मूल्यों के स्रोत भी हैं। भारत को गुरु-शिष्य संबंध की एक महान परंपरा विरासत में मिली है। माता-पिता जन्म देते हैं शिक्षक छात्र को मूल्य और चरित्र सम्मान देते हैं। हमें याद नहीं है कि शिक्षक ने क्या पढ़ाया है लेकिन शिक्षक कैसा है, याद रहता है इसलिए शिक्षक रोल मॉडल बनकर इस उम्र में अनुशासन और चरित्र के मूल्यों को विकसित करता है, बच्चे जो देखते हैं उसे दोहराते हैं।

शिक्षक को यह नहीं सिखाना चाहिए कि क्या सोचना है बल्कि कैसे सोचना है ताकि व्यक्तिगत लक्षण विकसित हों। शिक्षक को चाहिए कि वह बच्चे की सीमाओं को आगे बढ़ाए और उन्हें खुद का अन्वेषण करने में सक्षम बनाए। शिक्षक को प्रश्न करने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना चाहिए। लीक से हटकर सोच के कन्फ्यूशियंस ने वही किया और अब्दुल कलाम हमेशा प्रश्न उठाते रहे, सरल शब्दों में एक शिक्षक को बच्चों के आत्म विकास के लिए एक आईना रखना चाहिए।

-प्रियंका सौरभ
रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस,

# एक साथ कई संघर्ष करने होंगे शिक्षक को

**कृष्ण कुमार निर्माण**

एक ऐसे दौर में सब समाज का ताना-बाना बिखर रहा है।जब छात्र के अंदर से संस्कार और अनुशासन गधे के सींग की तरह से गायब-से होते दिखाई दे रहे हैं।छात्र और शिक्षक दोनों को ही मशीन बना दिया गया है।एक ऐसे समय में जब शिक्षा बड़े बाजार की ओर अग्रसर है या जबरन करवाई जा रही है।एक ऐसे दौर में जब सरकारें नीतियां ही ऐसी बना रही हों कि जनशिक्षा का सार्वजनिक ढांचा तहस-नहस होने की तरफ धकेला जाए।तरह-तरह के बोझ शिक्षा और शिक्षक पर लादे जा रहे हैं।यकीन मानिए कि शिक्षक को मल्टी पर्पज वर्कर बना दिया गया है और शिक्षालयों में वो तमाम तरह के काम होते हैं जो समाज में सरकार को करने चाहिए।हाँ,ये सही है कि उन तमाम कार्यों का संबंध जरूर शिक्षा से है मगर जब यह कार्य शिक्षण में बाधा बने और फोटो-शूट तक सीमित करना पड़ जाए तो सम्भवतः यह उचित प्रतीत नहीं होता।एक ऐसे दौर में जब शिक्षा के क्षेत्र में ही तमाम तरह के प्रयोग किए जाते हैं तब शिक्षक पर उसकी जिम्मेदारियों का बोझ और अधिक बढ़ जाता है क्योंकि न केवल शिक्षक को अपने अस्तित्व को बचाना है बल्कि शिक्षा के अस्तित्व को भी बचाना है और समाज का जो स्तर गिर रहा है,उसको भी ऊपर उठाना है,छात्र के संस्कारों,अनुशासन को न केवल बहाल करना है बल्कि उसमें मानवीय गुणों को भी भरना है और उसे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है और उसे इस योग्य भी बनाना है कि वो आजीविका कमा सके ताकि एक बेहतर समाज का निर्माण हो और एक बेहतर भारत बनें।इतना तय मान लीजिए कि नेताओं के भाषण देश और समाज नहीं बना सकते बल्कि तोड़ ही सकते हैं पर एक शिक्षक का व्यवहार और उसका व्यक्तित्व निश्चित रूप से एक बेहतर देश और समाज का निर्माण कर सकते हैं।पर आज के दौर में एक शिक्षक जिसको राष्ट्र निमार्ता,आचार्य,गुरदेव,गुरुवर आदि-आदि विशेषणों से विभूषित किया जाता है,वह आज के दौर में चारों से अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में घिर गया है।इसे यों भी कह सकते हैं कि घेरा गया है।अब बड़ा सवाल यह है कि ऐसे दौर में शिक्षक को क्या करना चाहिए ताकि वह यह चक्रव्यूह भी तोड़ सके और खुद के अस्तित्व को भी बहाल करते हुए एक बेहतर राष्ट्र के भविष्य का निर्माण कर सके।इसके लिए वर्तमान दौर में शिक्षक को कई संघर्ष एक साथ करने होंगे।सबसे पहली लड़ाई है कक्षा-कक्ष को लड़ाई,जिसमें शिक्षक को पहले से ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता है और यह मेहनत संवेदना के साथ हो,मानवीयता के साथ हो ताकि खुद-ब-खुद समाज कहे कि सरकारी शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है।दूसरी लड़ाई सड़क की लड़नी होगी और उसके लिए सबसे पहले खुद में चेतना का विकास,समझ का विकास करना होगा।गुटों के विकास से बचना होगा।वर्गवाद की लड़ाई छोड़कर एक सामूहिक संघर्ष की ओर बढ़ना होगा और व्यापक एकता के साथ सरकार की उन तमाम जनशिक्षा विरोधी नीतियों के खिलाफ मुखरता से न केवल खड़ा होना होगा बल्कि लड़ाई को भी जीतना होगा।शिक्षक एक बात अपने मन में बैठा ले कि केजी टू पीजी शिक्षक, केवल शिक्षक ही होता है,उसकी कोई कैटेगरी नहीं होती।तीसरी लड़ाई शिक्षक को यह भी लड़नी होगी कि अब शिक्षक पूर्व में बने-बनाए ढर्रे पर ना चले बल्कि खुद को समय के साथ अपडेट करे ताकि जिस तरह से समाज बदल रहा है,नित नई चीजें आ रही है,उसके अनुसार खुद को ढाले और न केवल बच्चों को शिक्षित करे बल्कि खुद को भी समय- दर-समय शिक्षित करता रहे क्योंकि शिक्षा जन्म से मृत्यु तक चलती रहती है।चौथी लड़ाई शिक्षक को सामाजिक तौर पर लड़नी होगी और वह यह होगी कि शिक्षक को अब समाज में उतरना होगा और समाज की तमाम तरह की भ्रांतियों को दूर करना होगा मतलब कि शिक्षक एक निश्चित समय के लिए शिक्षक नहीं है बल्कि हर समय के लिए शिक्षक है।इस लड़ाई में वो तमाम बातें शामिल की जाएं जैसे कि बच्चे कैसे बिगड़ रहे है?अभिभावकों की क्या जिम्मेदारी हैं?मोबाइल कितना यूज किया जाना चाहिए?छात्र को कभी-कभार उसकी गलती पर या पढ़ाई न करने पर हल्की-फुल्की सजा दिए जाने पर अभिभावक को क्या करना चाहिए?

बच्चों को कैसे संस्काए दिए जाएं?इस तरह के तमाम मुद्दों के साथ-साथ सरकार की जनशिक्षा विरोधी नीतियों पर खुलकर विचार-विमर्श करना ही होगा वरना बहुत कुछ छूट जाएगा।

शिक्षक को खुद के अंदर भी निष्पक्षता से झांकना होगा और अपने अंदर की कमियों को भी दूर करना होगा।

शिक्षक को पहले की अपेक्षा ज्यादा संवदेनशील बनने की जरूरत है और अपने कार्य से इस बात का उत्तर देना होगा कि ये जो शिक्षा को बाजार की वस्तु बनाया जा रहा है।

वह एक साजिश के तहत है न कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए बल्कि इससे कुछ लोग फल-फूल रहे हैं और रोजगार के अवसरों को यही लोग कम कर रहे हैं।शिक्षक दिवस पर गला फाड़-फाड़कर चिल्लाने वालों को भी अपने अंदर झांकना चाहिए कि अब भाषणों से कुछ नहीं होता बल्कि नुकसान ही होता है।शिक्षक दिवस पर शिक्षक की शान में कसीदे पढ़ने वालों को अपनी नीतियां बदलनी होगी,बदलनी ही चाहिए।शिक्षक को हमेशा यह याद रखना होगा कि अपने छात्रों को बेहतर मानवीय गुणों से ओत-प्रोत इंसान बनाना ही उसका सबसे बड़ा पुरस्कार है क्योंकि यही वो चीज है जिसको सदियों तक याद किया जाएगा और तभी तो कहा गया है किः-गुरु गोबिंद दोऊ खड़े--बलिहारी गुरु आपणे।आइए!तमाम तरह के उहापोह को छोड़कर हम सब शिक्षक इस तरफ अग्रसर हों ताकि न केवल शिक्षा और शिक्षक बचे बल्कि एक बेहतर भारत,भारतीयता का निर्माण ही सके।काम मुश्किल जरूर है मगर कठिन नहीं है क्योंकि कौन कहता है कि आसमान में सुराख नहीं हो सकता,एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो।आइए!जुट जाएं पूरी ऊर्जा के साथ।जय शिक्षक।

**कृष्ण कुमार निर्माण**
**(शिक्षाविद और स्वतंत्र लेखक)**

# भारतीय शिक्षा जगत को नयी दिशा देने वाले - डॉ. राधाकृष्णन

**मृत्युंजय दीक्षित**

**भारतीय** शिक्षा जगत को नई दिशा देने वाले डॉ. राधाकृष्णन का जन्म तत्कालीन दक्षिण मद्रास से लगभग 60 किमी की दूरी पर स्थित तिरुत्तनी नामक छोटे से कस्बे में 5 सितम्बर सन 1888 ई. को सर्वपल्ली वीरास्वामी के घर पर हुआ था। उनके पिता वीरास्वामी जमींदार की कोर्ट में एक अधीनस्थ राजस्व अधिकारी थे। डॉ. राधाकृष्णन बचपन से ही कर्मनिष्ठ थे। उनकी प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा तिरुत्तनी हाईस्कूल बोर्ड व तिरुपति के हर्मेस वर्ग इवैंजेलिकल लूथरन मिशन स्कूल में हुई। उन्होंने मैट्रिक उत्तीर्ण करने के बाद वेल्लोर के बोरी कालेज में प्रवेश लिया और यहां पर उन्हें छात्रवृत्ति भी मिली। सन 1904 में विशेष योग्यता के साथ प्रथम कला परीक्षा उत्तीर्ण की तथा तत्कालीन मद्रास के क्रिश्चियन कॉलेज में 1905 में बी. ए. की परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए उन्हें छात्रवृत्ति दी गयी। उच्च अध्ययन के लिए उन्होंने दर्शन शास्त्र को अपना विषय बनाया। इस विषय के अध्ययन से उन्हें वैश्विक ख्याति मिली। एम. ए. की उपाधि प्राप्त करने के बाद 1909 में एक कालेज में अध्यापक नियुक्त हुए और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति के पथ पर बढ़ते चले गये। उन्होंने मैसूर तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय में दर्शन शास्त्र के आचार्य के रूप में कार्य किया। उनका अध्ययन जिज्ञासा पर था। उन्होनें कहा कि वे बेचारे ग्रामीण व गरीब अशिक्षित जो अपनी पारिवारिक परम्पराओं तथा धार्मिक क्रियाकलापों से बंधे हैं जीवन को वे ज्यादा अच्छे से समझते हैं। उन्होंने द एथिक्स ऑफ वेदांत विषय पर शोध ग्रंथ लिखने का निर्णय किया। जिसमें उन्होंने दार्शनिक विषयों को सरल ढंग से व्यक्त करने का प्रयास किया । उनका कहना था कि, ह्यहिदू वेदों वर्तमान शताब्दी के लिए उपयुक्त दर्शन उपलब्ध कराने की क्षमता रखता है। जिससे जीवन सार्थक व सुखमय बन सकता हैह्ल। उन्होंने मनोविज्ञान के अनिवार्य तत्व पर भी एक पुस्तक लिखी जो कि 1912 में प्रकाशित हुई। वह विश्व को दिखाना चाहते थे कि मानवता के समक्ष सार्वभौम एकता प्राप्त करने का सर्वोत्तम साधन भारतीय धर्म दर्शन है। उन्होंने कहा कि मेरी अभिलाषा मस्तिष्कीय गति की व्याख्या करने की है। उन्हो ने 1936 में आक्सफोर्ड विवि में तीन वर्ष तक पढ़ाया। यहां पर उन्होंने युद्ध पर व्याख्यान दिया जो विचारात्मक था। 1939 में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों पर व्याख्यान दिया। इसी समय द्वितीय विश्व युद्ध प्रारम्भ हो गया और वे स्वदेश लौट आए तथा उन्हें बनारस विवि का उपकुलपति नियुक्त किया गया। भारत को स्वाधीनता मिलने पर उन्हें विश्वविद्यालय आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा 1949 में वे सोवियत संघ में भारत के राजदूत बने। इस दौरान उन्होंने लेखन भी जारी रखा। सन 1952 में डा. राधाकृष्णन भारत के उपराष्ट्रपति बने। 1954 में उन्हें भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। डा.राधाकृष्णन 1962 में राष्ट्रपति बने तथा इन्ही के कार्यकाल में चीन तथा पाकिस्तान से युद्ध भी हुआ। 1965 में उनको साहित्य अकादमी की फेलोशिप से विभूषित किया गया।

तथा 1975 में धर्म दर्शन की प्रगति में योगदान के कारण टेम्पलटन पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। उन्होंने अनेक पुस्तकें लिखी जो उनके ज्ञान तथा विचारशीलता को प्रमाणित करती हैं । उनकी इण्डियन फिलासफी,द हिंदू व्यू ऑफ लाइफ,रिलीफ एंड सोसाइटी ,द भगवद्गीता ,द प्रिंसिपल ऑफ द उपनिषद,द ब्रह्मसूत्र,फिलॉसफी ऑफ रवींद्रनाथ टैगोर आदि पुस्तकें सम्पूर्ण विश्व को भारत की गौरव गाथा के बारे में ज्ञान कराती हैं।

# एक अध्यापक की मौत

**डॉ. सुरेश कुमार**

बड़ी मुश्किल से दो-तीन दिन हुए होंगे रामलाल को आदर्श अध्यापक का पुरस्कार मिले। पुरस्कार मिलने के बाद सब खुश होते हैं और यह जनाब दुखी रहने लगे। किसे पता था कि पुरस्कार उनकी जान पर बन आएगा। अब वे हमारे बीच नहीं रहे। पत्नी पछाड़ खाकर गिर गई। जैसे-तैसे उन्हें होश में लाया गया। पत्नी बार-बार पुरस्कार को कोसती। एक बार के लिए बाहर उठाकर फेकना भी चाहा, लेकिन घर के लोगों ने पुरस्कार का तिरस्कार करने से रोक दिया। इस पर पत्नी ने कहा, जब से यह मनहूस पुरस्कार आया तब से वो उखड़े-उखड़े से रहते थे। न ठीक से खाते न ठीक से सोते। रह-रहकर उठकर बैठ जाते। प्रशंसा पत्र में लिखी एक पंक्ति कि ह्ययह पुरस्कार आपके अध्यापन के लिए दिया जा रहा है उसे बार-बार दोहराते। बड़बड़ाते। झल्ला उठते। अजीब सा बर्ताव करते थे। रामलाल के शव के पास से एक पत्र मिला। लिखा थाः

**अनीला की अम्मा!**

जब से यह पुरस्कार मिला है मुझे बेचैनी सी होने लगी है। मैं कुछ भी हो सकता हूँ किंतु अध्यापक कतई नही हो सकता। जब पहली से पांचवीं तक के सभी बच्चो को एक ही जगह बैठाकर पढ़ाना पड़ता है तब मैं अध्यापक नही चरवाहा लगता हूँ। जब कोई माता-पिता अपने बच्चे की पढ़ाई के बजाय दोपहर को बनी खिचड़ी की शिकायत करता है तो मुझे रसोइया होने का एहसास होता। बच्चों की कॉपी जांचने की जगह अरहर की दाल, सब्जियों की ताजगी और चावल में कंकड़ बीनने में व्यस्त हो जाता।

# विदेश संदेश

## सोमालिया में खाद्य सामग्री के ट्रकों पर आतंकी हमला, ज्वालामुखी पर चढ़ने पर पांच लोगों की मौत

**सोमालिया।** सोमालिया के मध्य में स्थित अर्धस्वायत्त राज्य हिर्शबेले के हिरन में खाद्य सामग्री ले जा रहे ट्रकों को अल-शबाब के आतंकियों ने हमला कर नष्ट कर दिया। इस दौरान आतंकियों ने 18 नागरिकों को मार डाला और ट्रकों को आग लगा दी। सरकारी



समाचार एजेंसी ने बताया कि मारे गए लोग ट्रकों के चालक-परिचालक थे। अल-कायदा से जुड़े आतंकी गिरोह ने एक दशक से ज्यादा समय से सोमालिया की केंद्रीय सरकार से युद्ध छेड़ रखा है। वह सोमालिया में इस्लामिक शरिया कानून लागू करना चाहता है।

सेना और नागरिक ठिकानों को वह लगातार बमबारी और बंदूकों से निशाना बनाता है। गत माह उसने राजधानी के आलीशान हयात होटल पर हमला कर 20 लोगों की हत्या कर दी थी। होटल को आतंकियों से मुक्त कराने में सुरक्षा बलों को 30 घंटे लगे थे।

**रूसी ज्वालामुखी की चढ़ाई करते पांच लोगों की मौत**

यूरेशिया के सबसे ऊंचे सक्रिय ज्वालामुखी की चढ़ाई करते पांच लोगों की दुर्घटना में मौत हो गई। बचावकर्मी दो घायलों को बचाने के प्रयास में जुटे हैं। रूसी समाचार एजेंसी ने कमचटका क्षेत्र के अभियोजन कार्यालय के हवाले से बताया कि 4750 मीटर ऊंचे क्लाइयुचेव स्कावा ज्वालामखी पर चढ़ने के प्रयास के दौरान केवल 500 मीटर दूरी पर यह हादसा हुआ। चढ़ाई करने वाले सभी लोग रूसी थे। इस हादसे के ज्यादा विवरण की प्रतीक्षा है।

## पाकिस्तान में अदालत ने ईसाई जोड़े की बेटी के अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन मामले की याचिका ठुकराई

**पेशावर:** पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की लड़कियों के अपहरण करने और जबरन धर्म परिवर्तन और शादी करने के मामले रुकने ता नाम नहीं ले रहे हैं। वजह है सरकार और कानून द्वारा इन मामलों को गंभारता से न लेना और एकतरफा कार्रवाई करना है। ताजा मामला लाहौर का है जिसमें यहां की एक अदालत ने कुछ दिन पहले अपनी 12 वर्षीय बेटी को कथित रूप से अपहरण करने और जबरन धर्म परिवर्तन और शादी करने के लिए मजबूर करने के मामले में एक ईसाई मां-बाप द्वारा पेश सबूतों की समीक्षा करने से इनकार कर दिया । अधिकार कार्यकर्ता शेरकन मलिक ने कहा कि लाहौर उच्च न्यायालय की रावलपिंडी पीठ के न्यायमूर्ति सदाकत अली खान ने परवेज मसीह और उनकी पत्नी यास्मीन की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उनकी बेटी जरविया की हिरासत की मांग की गई थी। मलिक ने बताया कि, 'न्यायाधीश ने दो मिनट के भीतर यह याचिका खारिज कर दी । उन्होंने किसी भी सबूत को देखने से भी इनकार कर दिया, जिससे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि नाबालिग बच्चे को आरोपी इमरान शहजाद और उसकी पत्नी अदीबा के पक्ष में बयान देने की धमकी दी गई थी।' ।मलिक ने कहान्यायाधीश ने रिकॉर्ड किए गए सबूतों के बावजूद फैसला सुनाया कि 'लड़की 12 साल की है, उसकी शादी हो चुकी है, और उसने अपनी मर्जी से ऐसा किया है ' मलिक जो एक मुस्लिम हैं ,ने कहा कि रावलपिंडी में रहने वाले मसीह और उनकी पत्नी ने इस डर से कानूनी सहायता के लिए उनसे संपर्क किया कि उनकी बेटी को अपहरण के बाद मार दिया गया है।

## यूएई के राष्ट्रपति से मिले भारत के विदेश मंत्री, सौंपी मोदी की चिट्ठी

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। भारतीय विदेश मंत्री ने यूएई के राष्ट्रपति को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चिट्ठी सौंपी।

भारत और संयुक्त अरब अमीरात के रिश्ते बेहद मजबूत माने जाते हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर यूएई-भारत संयुक्त समिति के 14वें सत्र और यूएई-भारत सामरिक वार्ता के तीसरे सत्र की बैठकों में हिस्सा लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात गए थे।

# शेख हसीना ने रोहिंग्या मुसलमानों को बताया बोझ:बांग्लादेश की पीएम बोलीं- इस मुद्दे का सामाधान निकालने में भारत मदद कर सकता है

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 5 सितंबर को भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आ रही हैं। इसके पहले उन्होंने रोहिंग्या मुसलमानों को उनके देश के लिए एक चुनौती बताया। उन्होंने कहा- ये देश के लिए बहुत बड़ा बोझ हैं और उन्हें लगता है कि इस मुद्दे का समाधान निकलने में भारत एक बड़ी भूमिका निभा सकता है।

शेख हसीना ने कहा- बांग्लादेश में एक लाख से ऊपर रोहिंग्या मुसलमान हैं। सब जानते हैं कि हमारे लिए ये एक बहुत बड़ा बोझ है। भारत एक बड़ा देश है, आप इन्हें समायोजित कर सकते हैं। हम सिर्फ आपकी बात नहीं कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय और पड़ोसी देशों से बात कर रहे हैं, वो कुछ कदम उठाएं जिससे कि रोहिंग्या मुसलमान वापस अपने देश (म्यांमार) जा सकें।

**कुछ लोग ड्रग स्मगलिंग कर रहे**

उन्होंने कहा- हमने मानवीय आधार पर उन्हें शरण दी थी। हमने जरूरत की सभी चीजें उपलब्ध कराई हैं। कोरोना काल में सभी रोहिंग्या को वैक्सीन भी लगवाई गई। लेकिन कितने लंबे समय तक वो यहां रहेंगे? वो कैंप बनाकर रह रहे हैं। कुछ लोग ड्रग स्मगलिंग, हथियारों और महिलाओं की तस्करी जैसे धंधों में फंस गए हैं। वो जितना जल्दी अपने देश चले जाएं उतना ही अच्छा होगा।

**बांग्लादेश में श्रीलंका जैसा हाल नहीं होगा**

चीन बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (क्क्रद्ब) के जरिए बांग्लादेश और नेपाल जैसे छोटे देशों में पैर पसार रहा है। चीन



गरीब देशों में कर्ज के रूप में बड़ा निवेश करता है। लेकिन जब रेवेन्यू जेनरेट नहीं होता तो गरीब देश चीन के कर्ज तले दब जाते हैं। यही श्रीलंका में हुआ। श्रीलंका कर्जदार होता चला गया और आखिरकार दिवालिया हो गया।

इस पर बांग्लादेश की क्क्रूने कहा- हमारी इकोनॉमी अब भी मजबूत है। कोरोना काल, रूय-यूक्रेन जंग का असर तो हुआ है, लेकिन बांग्लादेश हमेशा समय रहते कर्ज चुका देता है। हमारा डेबिट रेट काफी कम है। हमारा डेवलपमेंट बहुत कैल्कुलेटिव है। सब प्लान के मुताबिक ही चल रहा है।

**बांग्लादेश का 'टेस्टेड फ्रेंड' है भारत**

उन्होंने भारत को बांग्लादेश का 'टेस्टेड फ्रेंड' यानी परखा हुआ मित्र बताया। उन्होंने कहा- भारत ने वैक्सीन मैत्री प्रोग्राम के तहत बांग्लादेश को वैक्सीन की कई खेप भेजीं। ये भी सराहनीय है। उन्होंने पड़ोसी देशों के बीच मजबूत सहयोग कायम रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन उन्हें बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।

**भारत ने मुश्किल समय में मदद की**

शेख हसीना ने मुश्किल समय में मदद करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ भी की। उन्होंने कहा- रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग के बीच हमारे (बांग्लादेश) कई छात्र पूर्वी यूरोप में फंस गए थे। इन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के बाद भारत साया गया। हसीना ने कहा- बांग्लादेश के कई छात्र जंग से बचकर पोलैंड चले गए थे। लेकिन जब भारत सरकार भारतीय छात्रों को बचाने में लगी हुई थी उन्होंने हमारे छात्रों को मुसीबत में नहीं छोड़ा। वो भी हमारे छात्रों को भी वापस घर ले आए।

## जेम्स वेब टेलिस्कोप ने पहली बार कैद की हमारे सौर मंडल के बाहर के ग्रह की तस्वीरें

**वाशिंगटन।** जेम्स वेब टेलिस्कोप से पहली बार हमारे सौर मंडल के बाहर के किसी ग्रह की ली गई तस्वीरें जारी की गई हैं। इन्हें एक्सोप्लानेट कहा जाता है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दावा किया है कि हमारी दुनिया के बाहर की ये तस्वीरें हमें पूरे खगोल विज्ञान क्षेत्र में आ रहे बदलावों को बताती हैं।

इन तस्वीरों में एक्सोप्लानेट एचआईपी65426बी दर्शाया गया है, जिसके हमारे सौरमंडल के बृहस्पति गृह से 12 गुना तक बड़े होने का अनुमान है। पृथ्वी की उम्र जहां 450 करोड़ वर्ष आंकी जाती है, वहीं यह एक्सोप्लानेट 1.5 से 2 करोड़ वर्ष ही पुराना है। एक्सोप्लानेट गैस से बना विशालकाय ग्रह है। यानी सख्त सतह नहीं होने से यह रहने योग्य नहीं है। इसकी खोज वैसे तो 2017 में की गई थी, लेकिन ताजा तस्वीरें कहीं ज्यादा स्पष्ट हैं। यह जेम्स वेब के लिए ही संभव




था। इससे पहले हबल टेलिस्कोप ने भी एक्सोप्लानेट की तस्वीरें ली थीं।

**एक्सोप्लानेट इतने उजले कि तस्वीर लेना मुश्किल**

ब्रिटेन के एक्सेटर विश्वविद्यालय की खगोल विज्ञानी साशा हिंकले के अनुसार, एक्सोप्लानेट बेहद उजले व चमकीले होते हैं। इसके लिए इंफ्रारेड व फिल्टर उपयोग होते हैं। हर फिल्टर ग्रह के विभिन्न रूप को दर्शाता है। एचआईपी65426बी की तस्वीर भी इंफ्रारेड की चार अलग-अलग वेवलैंथ में ली गई हैं।

## अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के मिशन की प्रमुख होंगी किर्गिस्तान की पूर्व राष्ट्रपति रोजा

**संयुक्त राष्ट्र।** किर्गिस्तान की पूर्व राष्ट्रपति रोजा ओटुनबायेवा को संकटग्रस्त अफगानिस्तान के लिए संयुक्त राष्ट्र का नया विशेष दूत नियुक्त किया गया है। महासचिव एंतोनियो गुटेरस ने शुक्रवार देर रात यह घोषणा की। वर्तमान में, ओटुनबायेवा मध्यस्थता पर गुटेरस के उच्च-स्तरीय सलाहकार बोर्ड की सदस्य हैं। ओटुनबायेवा, अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक मिशन की प्रमुख के रूप में कनाडा की डेबोरा लियोन की जगह लेंगी, जिसे यूएनएएमए के नाम से जाना जाता है। वह संयुक्त राष्ट्र के मानवीय कार्यों और देश के तालिबान शासकों के साथ व्यवहार की प्रभारी होंगी। उन्हें नेतृत्व, कूटनीति, नागरिक जुड़ाव और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में 35 वर्षों से अधिक का पेशेवर अनुभव है।

**भीषण गरीबी से जूझ रहा अफगानिस्तान**



संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ्स ने सुरक्षा परिषद को चेताया है कि अफगानिस्तान भीषण गरीबी से जूझ रहा है। यहां 60 लाख लोग मानवीय, आर्थिक, जलवायु और वित्तीय संकटों के कारण भोजन की गंभीर कमी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमें आशंका है कि ये आंकड़े जल्द और बिगड़ जाएंगे क्योंकि सर्दियों के मौसम में पहले से ही ईंधन और खाद्य कीमतें आसमान छू रही हैं।

## महिलाओं के लिए दुनिया का चौथा सबसे खतरनाक देश है पाकिस्तान, कानून लागू करना दूर की कौड़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान महिलाओं के लिए दुनिया का चौथा सबसे खतरनाक देश है। घर में पिटाई यहां आम है। पुरुष महिलाओं पर नियंत्रण के लिए इसका जमकर इस्तेमाल करते हैं। दुनिया न्यूज में मेहमिल खालिद ने बताया कि महिलाओं को सार्वजनिक रूप से परेशान करने, इज्जत के नाम पर मार देने जैसे अपराध बेखौफ किए जाते हैं। महिलाओं पर हिंसा को रोकने के लिए कानून तो बनाए गए हैं, लेकिन उन्हें लागू करना दूर की कौड़ी है।

पाकिस्तान के मानवाधिकार मंत्रालय की 2017-18 की रिपोर्ट में बताया गया था कि 15 से 29 साल की 28 फीसदी महिलाओं ने शारीरिक हिंसा की शिकार होने की बात कही थी। हालांकि उनके खिलाफ हिंसा के ज्यादातर मामले दर्ज ही नहीं किए जाते, इसलिए हालात कहीं ज्यादा खराब हैं।

मानवाधिकार निगरानी (एचआरडब्ल्यू) ने 2022 की वैश्विक महिला शांति और सुरक्षा रिपोर्ट में 170 देशों में पाकिस्तान को 167वें




स्थान पर रखा है। इसके मुताबिक, महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ दुष्कर्म, हत्या, तेजाबी हमले, घरेलू हिंसा और जबरन शादी का पूरे पाकिस्तान में बोलबाला है। हर साल कथित इज्जत के नाम एक हजार महिलाएं मौत के घाट उतार दी जाती हैं। पिछले साल पाकिस्तान को वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक में 153वां स्थान मिला था।

## नासा को निराशा: ऑर्टेमिस-1 की लॉन्चिंग आखिरी समय में फिर टालनी पड़ी



**नई दिल्ली।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा को अपना महत्वाकांक्षी मून मिशन क्क्आर्टेमिस-1' की लॉन्चिंग एकबार फिर टालनी पड़ी है। गत रात 11 बजकर 47 मिनट पर इसकी लॉन्चिंग होनी थी लेकिन आखिरी समय पर यह टाल दी गई। बताया जाता है कि परीक्षण की अंतिम तैयारियों के लिए जब इसमें ईंधन भरा जा रहा था तब इसमें खतरनाक रिसाव हुआ। रॉकेट में ईंधन पहुंचाने वाले सिस्टम को दुरुस्त करने की कोशिश की गई लेकिन इसमें कामयाबी नहीं मिलने के कारण लॉन्चिंग फिलहाल टाल दी गई। इसकी नयी तारीख की घोषणा नहीं की गई है। गौरतलब है कि इससे पहले 29 अगस्त को रॉकेट के 4 में से तीसरे इंजन में आई तकनीकी गड़बड़ी व खराब मौसम के कारण इसकी लॉन्चिग टाली जा चुकी है।

## दो सितंबर तक 1.55 लाख से ज्यादा आईटीआर-यू दाखिल : आयकर विभाग

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि 2 सितंबर, 2022 तक 1.55 लाख से ज्यादा अद्यतन आयकर रिटर्न (आईटीआर-यू) फॉर्म जमा किए गए हैं। आयकर विभाग ने रविवार को एक ट्वीट कर यह जानकारी दी है। आयकर विभाग के ट्वीट के मुताबिक दो सितंबर 2022 तक 1.55 लाख से ज्यादा अद्यतन आयकर रिटर्न जमा हुए हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## नेपाल में 22 यात्रियों को लेकर उड़ान भर रहे विमान की सात मिनट बाद इमरजेंसी लैंडिंग

**काठमांडू।** नेपाल में 22 यात्रियों को लेकर उड़ान भरने के सात मिनट बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई है। इस विमान ने पोखरा हवाई अड्डे से मस्टैंग के लिए उड़ान भरी थी लेकिन पायलट को थोड़ी देर बाद ही कुछ खराबी महसूस हुई जिसके चलते आनन-फानन में इसकी आपात लैंडिंग की गई। फिलहाल घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।

पोखरा एयरपोर्ट के सूचना अधिकारी देवराज चालीसे ने बताया कि निजी कंपनी सुमित एयर के विमान ने रविवार को सुबह पोखरा से 22 यात्रियों को लेकर मस्टैंग के जिला मुख्यालय जोमसोम के रास्ते में उड़ान भरी थी। पायलट को थोड़ी देर बाद ही कुछ खराबी महसूस हुई और उसने कुछ तकनीकी खामियों की सूचना दी।इसलिए उड़ान भरने के सात मिनट के अंदर विमान की आपात लैंडिंग कराई गई। इस घटनाक्रम में सभी यात्री व चालक दल सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

चालिसे ने बताया कि इंजन में तकनीकी समस्या के कारण विमान सात मिनट के भीतर पोखरा हवाई अड्डे पर सुबह सुबह 8:06 बजे वापस आ गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। विमान में 18 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दुर्घटना खराब मौसम की वजह से हुई होगी।

इससे पहले मई के महीने में खराब मौसम की वजह से नेपाल के पहाड़ी मस्तंग जिले में तारा एयर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस घटना में 22 लोगों की मौत हो गई थी। उस समय भी अधिकारियों ने बताया था कि खराब मौसम की वजह से विमान बाएं के बजाए दाएं मुड़ गया था। इससे विमान पहाड़ों से टकरा गया और दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।

# इटली में चुनाव 25 को:कट्टर राष्ट्रवादी जॉर्जिया को पीएम पद के चुनाव में बढ़त, अप्रवासियों के विरोध पर मिल रहा समर्थन


**इटली।** इटली में नए प्रधानमंत्री के लिए ऐतिहासिक चुनाव होने जा रहे हैं। इस बार राष्ट्रवाद का मुद्दा केंद्र में है। दक्षिणपंथी ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी की जॉर्जिया मेलोनी (45) पीएम पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। चार साल पूर्व मात्र 4.13 फीसदी वोट पाने वाली मेलोनी की पार्टी को 25 फीसदी वोटरों का सपोर्ट मिल रहा है। मेलोनी की लोकप्रियता में दो साल में तेजी आई है। जॉर्जिया मेलोनी इस्लामी आतंकवाद, अप्रवासियों और एलजीबीटी अधिकारों की धुर विरोधी हैं।

मेलोनी की पार्टी का मुकाबला सेंटर लेफ्ट डेमोक्रेटिक पार्टी से है। इसी पार्टी के मारियो ड्रागी वर्तमान में इटली के प्रधानमंत्री हैं। ड्रागी गठबंधन की सरकार चला रहे थे। अन्य पार्टियों के समर्थन वापस लेने से उनकी सरकार अल्पमत में आ गई थी। ऐसे में इटली में जल्द चुनाव कराए जा रहे हैं।

ताजा सर्वे में ड्रागी की पार्टी को 14 फीसदी वोटरों का ही समर्थन है। मेलोनी ने अपनी पार्टी का पूर्व पीएम बर्लुस्कोनी की फोर्जा इटालिया के साथ गठबंधन किया है। बर्लुस्कोनी की पार्टी भी दक्षिणपंथ समर्थक है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मेलोनी और बर्लुस्कोनी की पार्टी गठबंधन सरकार बना सकती है।

**लोकप्रियता में तेजी से वृद्धि- मुसोलेनी को नायक मानती हैं ट्रम्प-जॉनसन की भी समर्थक**

जॉर्जिया मेलोनी इटली के तानशाह रहे बेनितो मुसोलेनी को नायक मानती हैं। उनका कहना है कि वे सिर्फ लोकतंत्र के मुद्दे पर मुसोलेनी के विचारों से सहमत



नहीं हैं। मेलोनी अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन की समर्थक हैं। आईएम जॉर्जिया नामक पुस्तक लिखने वाली जार्जिया सिंगल मदर हैं। वे प्रधानमंत्री रहे बर्लुस्कोनी की सरकार में मंत्री रह चुकी हैं। चुनाव जीतती हैं तो मेलोनी पहली महिला पीएम होंगी।

**इटली के चुनाव में महंगाई और रोजगार बड़ा मुद्दा है**

महंगाई की दर 8.2फीसदी है। ये पिछले 36 सालों में सबसे अधिक है। बेरोजगारी की दर 9.83फीसदी पहुंची। मेलोनी ने जनता से डायरेक्ट मनी ट्रांसफर का वादा किया है।

इटली में अलकायदा का नेटवर्क सक्रिय है। मुस्लिम अप्रवासियों के कारण इस्लामी आतंकवाद की आशंका से लोगों में रोष। इटली में आवास-मेडिकल सुविधाएं बढ़ाने के प्रदर्शनों का दौर। सामाजिक सुरक्षा को 35त्न लोग मुद्दा मानते हैं।

**माफिया विरोधी पार्टी को कम समर्थन**

इटली के कुख्यात माफिया गिरोहों का विरोध करने वाली फाइव स्टार मूवमेंट पार्टी भी चुनाव मैदान में है।

लेकिन इस बार इस पार्टी को कम समर्थन मिल रहा है। फिलहाल इस पार्टी को मात्र 9फीसदी वोटरों का समर्थन मिल रहा है। इसी पार्टी के ड्रागी अभी इटली की वर्तमान गठबंधन सरकार में प्रधानमंत्री हैं।

**85 साल के बर्लुस्कोनी टिकटॉक पर**

पूर्व पीएम 85 साल के सिल्वियो बर्लुस्कोनी युवा वोटरों को लुभाने के लिए टिकटॉक पोस्ट डाल रहे हैं। उनका लक्ष्य 30 साल से कम उम्र के इटली के 60फीसदी वोटरों का समर्थन पाना है।

## नासा को निराशा: ऑर्टेमिस-1 की लॉन्चिंग आखिरी समय में फिर टली

**नई दिल्ली।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा को अपना महत्वाकांक्षी मून मिशन ऽ आर्टेमिस-1' की लॉन्चिंग एकबार फिर टालनी पड़ी है। गत रात 11 बजकर 47 मिनट पर इसकी लॉन्चिंग होनी थी लेकिन आखिरी समय पर यह टाल दी गई।

बताया जाता है कि परीक्षण की अंतिम तैयारियों के लिए जब इसमें ईंधन भरा जा रहा



था तब इसमें खतरनाक रिसाव हुआ। रॉकेट में ईंधन पहुंचाने वाले सिस्टम को दुरुस्त करने की कोशिश की गई लेकिन इसमें कामयाबी नहीं मिलने के कारण लॉन्चिंग फिलहाल टाल दी गई। इसकी नयी तारीख की घोषणा नहीं की गई है।

गौरतलब है कि इससे पहले 29 अगस्त को रॉकेट के 4 में से तीसरे इंजन में आई तकनीकी गड़बड़ी व खराब मौसम के कारण इसकी लॉन्चिग टाली जा चुकी है।

अमेरिका 53 साल बाद अपने मून मिशन आर्टेमिस के माध्यम से इंसानों को चांद पर एकबार फिर भेजने की तैयारी कर रहा है और आर्टेमिस-1 इस दिशा में पहला कदम है। यह मिशन का एक टेस्ट फ्लाइट है जिसमें अंतरिक्ष यात्री नहीं होंगे।